रोहतक
शुक्रवार 30 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 361
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 22.5
न्यून. 2.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## चांदी 4 लाख प्रति किलो के पास, सोने का नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गईं, जबकि सोना 1.83 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी वैश्विक बाजारों में तेज उछाल के कारण हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार चौथे सत्र में तेजी जारी रही और यह 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बाद में 16600 की बढ़त के साथ 3,98,235 पर बंद हुई। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 14,552 रुपये, या 7.02 प्रतिशत बढ़कर 1,85,552 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से कहीं अधिक है।

**सोना 14552 रुपये बढ़कर 1.85 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ**

### आशावादी आर्थिक समीक्षा से बाजार ने तेजी पकड़ी, सेंसेक्स 222 अंक मजबूत

**मुंबई (भाषा)।** टाटा स्टील एवं लार्सन एंड टुब्रो में जबरदस्त खरीदारी और आर्थिक समीक्षा 2025-26 में अगले वित्त वर्ष के लिए 6.8-7.2 प्रतिशत का वृद्धि अनुमान जताए जाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 222 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 76 अंक बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स दोपहर के सत्र में बढ़ी लिवाली के दम पर 221.69 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,566.37 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 76.15 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर 25,418.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों के निवेश में बढ़ोतरी ने प्रमुख सूचकांकों को निचले स्तर से उबारने में मदद की।

**डॉलर के मुकाबले रुपया 91.99 पर स्थिर रहा**

## खबर संक्षेप

### हर दिन 100 कुत्तों की नसबंदी, भूसे के ढेर में सुई खोजने जैसा : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आवारा कुत्तों की नसबंदी और दूसरी जगह शिफ्ट करने के 7 नवंबर के आदेश में बदलाव की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा। कोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार हर दिन सिर्फ 100 आवारा कुत्तों की नसबंदी कर रही है जो नाकाफी है। यह भूसे के ढेर में सुई खोजने जैसा है। बेंच ने कहा कि पंजाब, राजस्थान, यूपी और तमिलनाडु ने कोर्ट के निर्देशों का सही ढंग से पालन नहीं किया है। *एजेंसी*

### महाकाल मंदिर में गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक लगाने की उठी मांग



**उज्जैन।** उत्तराखंड के गंगोत्री धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगने के बाद अब इसकी गूंज उज्जैन में भी सुनाई दे रही है। श्री महाकालेश्वर मंदिर के वरिष्ठ पुजारियों ने संयुक्त रूप से केंद्र व राज्य सरकार से मांग की है कि महाकाल सहित सभी 12 ज्योतिर्लिंगों में गैर-हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। *एजेंसी*

### भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर 22 न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि भारत में प्रति 10 लाख आबादी पर करीब 22 न्यायाधीश हैं। विधि आयोग ने 1987 में अपनी 120वीं रिपोर्ट में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर 50 न्यायाधीशों का अनुपात रखने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि वर्तमान में, देश में न्यायाधीशों का अनुपात प्रति दस लाख जनसंख्या पर लगभग 22 न्यायाधीश है। देश में 2023 में विचाराधीन कैदियों की संख्या 389210 थी। *एजेंसी*

वित्त मंत्री सीतारमण ने संसद में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

# वैश्विक उथल-पुथल के बीच 7.2% रहेगी जीडीपी की वृद्धि दर, महंगाई भी 4% के तय लक्ष्य में बनी रहेगी

**वित्त वर्ष 2026 में कृषि ग्रोथ 3.1% रहने का अनुमान ▸▸ 56.2 करोड़ लोगों के पास रोजगार ▸▸ कुल जीडीपी का 4.4% रहेगा राजकोषीय घाटा**

### ▸▸ घरेलू मोर्चे पर मजबूती, लेकिन बाहरी चुनौतियों का बना रहेगा डर

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को देश का 'आर्थिक रिपोर्ट कार्ड' यानी इकोनॉमिक सर्वे लोकसभा में पेश किया। इस सर्वे में बताया गया है वित्त वर्ष 2026-2027 में जीडीपी ग्रोथ 6.8% से 7.2% के बीच रहने का अनुमान है।

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के विज्ञापन पर सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक रोक लगाने पर विचार हो

ऑनलाइन क्लासेज कम करने और सोशल मीडिया पर उम्र की बंदिश लगाने का भी सुझाव

घरेलू मोर्चे पर मजबूती बनी रहेगी, लेकिन बाहरी चुनौतियों से भी देश को निपटना होगा।

**महंगाई**



इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक-आरबीआई और आईएमएफ ने अनुमान जताया है कि आने वाले साल में महंगाई दर धीरे-धीरे बढ़ेगी। यह 4% के तय लक्ष्य ( 2%) के दायरे में बनी रहेगी। खरीफ की अच्छी पैदावार और रबी की बेहतर बुआई को देखते हुए, दिसंबर 2025 में आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए महंगाई दर का अनुमान 2.6% से घटाकर 2% कर दिया था।

**अर्थव्यवस्था**

सर्वे में अनुमान जताया गया है कि अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8% से 7.2% के बीच रह सकती है। वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अस्थिरता के बावजूद भारतीय इकोनॉमी की रफ्तार मजबूत बनी हुई है। चालू वित्त वर्ष में विकास दर 7.4% रहने की उम्मीद है।


**नौकरियां**

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही यानी, अप्रैल-जून 2025 में भारत में 15 साल से ज्यादा उम्र के 56.2 करोड़ लोग रोजगार में थे। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) के मुकाबले दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) में करीब 8.7 लाख नई नौकरियां पैदा हुई हैं। टैक्स सुधार, नियमों के सरलीकरण और राज्यों द्वारा किए गए श्रम सुधारों की वजह से इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर में भर्तियां हुई हैं।

**खेती-किसानी :** देश की आधी आबादी खेती पर निर्भर है। इकोनॉमिक सर्वे में इस बात पर जोर दिया गया है कि वित्त वर्ष 2026 में एग्रीकल्चर ग्रोथ 3.1% रहने की उम्मीद है।

**सरकारी कर्ज :** वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटे जीडीपी का 4.8% रहा, जबकि सरकार ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 4.4% का लक्ष्य रखा है। यह मजबूत अर्थव्यवस्था का सूचक है।

## प्रदेश के 16 जिलों में घना कोहरा, 31 को फिर बारिश, एक को ओलावृष्टि का अलर्ट



**न्यूनतम तापमान में 3 .4 डिग्री की गिरावट, 2 .0 डिग्री के साथ नारनौल रहा सबसे ठंडा शहर**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में गुरुवार को 16 जिलों में घना कोहरा छाया। हिसार, कैथल, फतेहाबाद, भिवानी, सोनीपत, कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम में ज्यादा असर देखा गया। राज्य में औसत न्यूनतम तापमान में बीते दिन के मुकाबले 3.4 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है, हालांकि तापमान अभी सामान्य के आसपास बना हुआ है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस नारनौल में रिकॉर्ड किया गया। धुंध के कारण किसान एक्सप्रेस, रेवाड़ी-फाजिल्का एक्सप्रेस, श्रीगंगानगर दिल्ली एक्सप्रेस और गोरखधाम एक्सप्रेस लेट रहीं। अंबाला कैंट स्टेशन पर वंदेभारत सहित 19 ट्रेनें देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग के अनुसार 31 जनवरी को दक्षिणी हरियाणा के कुछ जिलों में छिटपुट बारिश होगी। 1 फरवरी को पूरे राज्य में मौसम सक्रिय होगा और अधिकतर इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो सकती है।

### डॉक्टर अनंतराम बरवाला 8वीं बार भ्रूण लिंग जांच करते पकड़े गए



बरवाला विधानसभा से चार बार लड़ चुके हैं चुनाव

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आजाद नगर क्षेत्र में छापा मारकर डॉक्टर अनंतराम बरवाला को 8वीं बार भ्रूण लिंग जांच करते पकड़ा है। वे आजाद नगर क्षेत्र में एक मकान की ऊपरी मंजिल पर भ्रूण लिंग जांच कर रहे थे। पूर्व सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने छापा मारा। इस दौरान डॉ. बरवाला बालाजी क्लीनिक के ऊपरी मंजिल पर भ्रूण लिंग जांच करते मिले। उन्हें हिरासत में लिया गया है। खास बात यह है कि डॉ. बरवाला को इसी तरह के मामलों में सात बार पहले भी पकड़ा जा चुका है। वे बरवाला विधानसभा से 4 बार चुनाव लड़ चुके हैं।

### सोनीपत में बिल्डर और होटल कारोबारी के घर ईडी का छापा

वित्तीय अनियमितता से जुड़े मामले की जांच में कार्रवाई

**सोनीपत।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को सेक्टर-14 में बिल्डर एवं कारोबारी जोनी त्यागी के आवास व अन्य ठिकानों पर छापा मारा। ईडी की टीम सुबह करीब 7 बजे चार गाड़ियों में जोनी के आवास पर पहुंची। जोनी त्यागी मूलरूप से गांव राई निवासी है, जिनका बड़े बिल्डर में नाम शामिल हैं। रियल एस्टेट के साथ वह होटल का संचालन भी करते हैं। सुबह सीआरपीएफ के जवान भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर पहुंचते ही आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई किसी वित्तीय अनियमितता से जुड़े मामले की जांच के तहत की जा रही है।

## यूजीसी के नए नियमों पर शीर्ष अदालत की रोक

# कोर्ट बोला-हमें 'जातिविहीन' समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रहे हैं?

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने कहा कि इसके प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनका गलत इस्तेमाल हो सकता है। कोर्ट ने पूछा कि हमें 'जातिविहीन' समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रहे हैं? कोर्ट ने यह टिप्पणी मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान की याचिकाओं पर की, जिनमें आरोप लगाया गया है कि नए नियम जनरल कैटेगरी के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इनका देशभर में विरोध हो रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही नियमों का ड्राफ्ट फिर से तैयार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी।

### केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी

**फिलहाल 2012 के नियम देशभर में लागू रहेंगे**

कोर्ट ने कहा, नए नियम अस्पष्ट, इनका हो सकता है दुरुपयोग

**'जाति-आधारित भेदभाव' को अलग से परिभाषित क्यों किया**

- कोर्ट ने पूछा कि जब 'भेदभाव' की परिभाषा पहले से सभी तरह के भेदभाव को कवर करती है, तो 'जाति-आधारित भेदभाव' को अलग से परिभाषित करने की जरूरत क्यों पड़ी?
- कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि रेगुलेशंस में रैगिंग को क्यों शामिल नहीं किया गया, जबकि यह कैंपस में बड़ी समस्या है।
- सीजेआई ने कहा- अनुसूचित जातियों में भी कई लोग अब आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं। हमने अब तक जो जातिविहीन समाज की दिशा में प्रगति की है, क्या हम फिर से पीछे जा रहे हैं?



अगर इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया गया तो इसका खतरनाक प्रभाव होगा, समाज में विभाजन पैदा होगा

**19 मार्च तक जवाब दाखिल करें**

केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी करते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने सुझाव दिया कि प्रख्यात न्यायविदों की एक समिति द्वारा विनियमों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, ''(केंद्र, यूजीसी को) नोटिस जारी करें और 19 मार्च तक जवाब दाखिल किए जाए। सॉलिसिटर जनरल नोटिस स्वीकार करें... तब तक यूजीसी विनियम 2026 स्थगित रहेंगे और 2012 के विनियम लागू रहेंगे।'' सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की, ''प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि विनियमन की भाषा अस्पष्ट है।

**पहले इस पूरे मामले को समझें :** यूजीसी के नए कानून का नाम है-प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026। इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के खिलाफ जातीय भेदभाव रोकने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। नए नियमों के तहत, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने का निर्देश दिया गया। ये टीमें एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने की भारत और ईयू एफटीए की प्रशंसा

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के पूर्ण होने पर दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और सम्मानित नीति विशेषज्ञों ने मज़बूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से ऐतिहासिक, रणनीतिक और सही समय पर उठाया गया कदम बताया जा रहा है। दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्वाकांक्षा और रणनीतिक समय का उल्लेख किया है। द टेलीग्राफ ने जेम्स क्रिस्प के मोदी इज़ द रियल विनर इन मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स विद् ईयू शीर्षक से एक लेख में इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी बताते हुए कहा कि भारत इस मामले में असली रणनीतिक विजेता के रूप में उभरा है।



*(विस्तृत खबर पेज -5 पर)*

**ये प्रतिक्रियाएं**

**द वॉल स्ट्रीट जर्नल** ने लिखा कि कैसे भारत और ईयू अमेरिकी व्यापार नीतियों से पैदा हुई अनिश्चितता के बीच गठबंधन का विस्तार कर रहे हैं। **द न्यूयॉर्क टाइम्स** ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह समझौता दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉक और सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था को एक साथ लाता है। **द वाशिंगटन पोस्ट** ने अपनी हेडलाइन में कहा कि 'भारत और ईयू ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते में 'मदर ऑफ ऑल डील्स' पर मुहर लगाई'।

### हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

## लंबे समय से हिरासत सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने का आधार नहीं



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण और धमकी जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहे आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस तरह के जघन्य अपराध केवल व्यक्ति के खिलाफ नहीं होते, बल्कि पूरे समाज की शांति, सुरक्षा और नैतिकता पर गहरा आघात करते हैं। कोर्ट ने माना कि ऐसे मामलों में केवल लंबे समय तक जेल में रहने का आधार जमानत के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता। जस्टिस नीरजा के कलसन ने आरोपित साजिद की याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। इस मामले में थाना हथीन, जिला पलवल में दर्ज एफआईआर दर्ज की गई थी। 5 जुलाई 2023 को शिकायतकर्ता की बहन खेतों में चारा लेने गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। करीब 38 दिन बाद 12 अगस्त 2023 को पीड़िता को बरामद किया गया। साजिद व उसके एक साथी वसीम ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### मेरिट के आधार पर होगी नियुक्ति, नहीं देना होगा साक्षात्कार



# डॉक्टरों के 450 पदों के लिए 12,000 आवेदन पीजीआई कराएगा 15 फरवरी को लिखित परीक्षा

सेंट्रल डेस्क ▸▸। रोहतक

प्रदेश में 450 मेडिकल ऑफिसर के लिए शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया को जबरदस्त रेस्पोंस मिला है। इन पदों के लिए 12,000 एमबीबीएस स्नातकों और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। 2024-25 की तुलना में आवेदकों की संख्या लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है। पिछले साल हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज (एचसीएमएस) के तहत 777 पदों के लिए करीब 8,000 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। उस दौरान 746 डॉक्टरों की नियुक्ति हुई थी, लेकिन 28 प्रतिशत यानी 213 डॉक्टरों ने विभिन्न कारणों से पदभार ग्रहण नहीं किया था। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 जनवरी थी। लिखित परीक्षा 15 फरवरी को आयोजित की जाएगी। पीजीआईएमएस, रोहतक (पं. बी.डी. शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) लिखित परीक्षा आयोजित करेगा, इसके बाद मेधावी उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। वर्तमान व्यवस्था में नियुक्ति के लिए साक्षात्कार नहीं होता है। केवल मेरिट सूची में स्थान पाने वाले उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाता है।

**विदेशी डिग्री वालों के लिए एफएमजीई अनिवार्य**

जो भारतीय विद्यार्थी विदेश से एमबीबीएस की डिग्री पूरी करते हैं, उनके लिए भारत में प्रैक्टिस करने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन में पंजीकरण और लाइसेंस प्राप्त करने हेतु फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) पास करना अनिवार्य है।

**प्रतिनियुक्ति पर भी हैं कई डॉक्टर**

हरियाणा के स्वास्थ्य अधिकारियों को उम्मीद है कि नई भर्ती से स्टाफ की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी। राज्य में वर्तमान में 4,054 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 3,602 भरे हुए हैं। तकनीकी रूप से कमी 450 पदों की है, लेकिन वास्तविक आवश्यकता लगभग 950 मेडिकल ऑफिसरों की है।

**एसएमओ के कई पद खाली**

राज्य में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) के भी 644 पद स्वीकृत हैं। इनमें से भी एक-तिहाई से अधिक खाली हैं। एसएमओ के 50 पद पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने हैं, जबकि शेष पद प्रत्यक्ष भर्ती के लिए आरक्षित हैं।

**एसोसिएशन सीधी भर्ती के विरोध में**

एसोसिएशन ने प्रत्यक्ष भर्ती को मुख्य बाधा बताया है। वर्तमान नीति के तहत 75 प्रतिशत एसएमओ के पद पदोन्नति से और 25 प्रतिशत प्रत्यक्ष भर्ती से भरे जाते हैं। डॉक्टरों का तर्क है कि प्रत्यक्ष भर्ती से आए एसएमओ अपने करियर में कहीं तेजी से आगे बढ़ते हैं और अक्सर महानिदेशक जैसे शीर्ष पदों तक पहुंच जाते हैं, जबकि सेवा में कार्यरत डॉक्टर वहीं ठहर जाते हैं। एसोसिएशन के विरोध के कारण 2012 के बाद से एसएमओ पदों पर कोई प्रत्यक्ष भर्ती नहीं हुई है।



## खबर संक्षेप

### अमृता को ग्रामीण विकास विभाग में निदेशक और अतिरिक्त सचिव तैनात किया

**चंडीगढ़।** अमृता सिंह को तत्काल प्रभाव से ग्रामीण विकास विभाग में निदेशक एवं अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। अमृता पहले प्राथमिक शिक्षा विभाग में अतिरिक्त निदेशक और हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव थीं। यह नियुक्ति रिक्त पद के विरुद्ध की गई है। आदेश में बताया गया है कि अमृता सिंह इससे पहले प्राथमिक शिक्षा विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन एवं मिड-डे मील) और हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थीं। अब उन्हें ग्रामीण विकास विभाग में निदेशक एवं अतिरिक्त सचिव की जिम्मेदारी दी है। यह आदेश अनुराग रस्तोगी, मुख्य सचिव, हरियाणा द्वारा जारी किया गया है।

### जेजेपी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के हलका अध्यक्ष घोषित

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद बीसी सेल के सभी 90 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी बीसी सेल में अंबाला शहर में जय सिंह, अंबाला कैंट में बिंदर, मुलाना में विक्रम धीमान, नारायणगढ़ में मनोज प्रजापत, भिवानी में मोनू प्रजापत, बवानी खेड़ा में प्रदीप जमालपुर, लोहारू में अजीत यादव, तोशाम में राजकुमार कैरू, दादरी में नरेश जांगड़ा, बाढड़ा में महेंद्र सिंह, फतेहाबाद में गोपाल बनगांव, रतिया में रविंद्र रावत और टोहाना में जयसन सैनी को हलका अध्यक्ष बनाया हैं।

### साजिश के तहत पेंशन काट रही सरकार: अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार एक सुनियोजित साजिश के तहत बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग समेत अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन काट रही है। सरकार ने फैमिली आईडी को मुख्य आधार बनाकर पति-पत्नी की संयुक्त वार्षिक आय 3 लाख से अधिक दिखा कर बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग समेत अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन काटनी शुरू कर दी है। फसल बिक्री 1 लाख 80 हजार रुपए से अधिक है तो कुल आय 3 लाख रुपये मानी जा रही है।

---

### बजट से पहले प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

**शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने को प्रतिबद्धता**

# जन-अपेक्षाओं और सर्व समाज के कल्याण पर केंद्रित होगा हरियाणा का बजट: मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



चंडीगढ़। बजट से पहले प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो: हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य का आगामी 2026-27 का बजट आम नागरिक की जरूरतों, विश्वास और भविष्य की उम्मीदों को प्रतिबिंबित करने वाला होगा। सरकार की प्राथमिकता ऐसा बजट तैयार करने की है, जिससे विकास धरातल पर दिखाई दे और योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचे। वर्ष 2026-27 का बजट जन-अपेक्षाओं और सर्व समाज के कल्याण पर केंद्रित होगा। इस दिशा में प्रशासनिक दक्षता, तकनीकी नवाचार और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी दिशा में लगातार विभिन्न हितधारकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को हरियाणा निवास में प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में गत वर्ष के बजट में की गई घोषणाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में जिन विभागों की समीक्षा की गई, उनमें शिक्षा, विकास एवं पंचायत, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, आयुष, महिला एवं बाल विकास, शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व, खनन एवं भू-विज्ञान, लोक निर्माण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सहकारिता, जेल, विरासत एवं पर्यटन और खेल विभाग शामिल हैं।

#### जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित के लिए काम कर रही है, इसलिए सरकार और अधिकारियों को मिलकर जन सेवा के भाव के साथ काम करना चाहिए। सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही है, इसलिए बजट में की गई घोषणाओं और कार्यक्रमों को जमीनीस्तर पर तय समय सीमा में अवश्य लागू किया जाए। सीएम ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आधारभूत ढांचे और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार और सेवा वितरण को सशक्त बनाना सरकार की प्रमुख प्रतिबद्धता है।

---

**बजट की विशेषताओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने कमर कसी**

## सांसद, मंत्री और विधायक लोगों को बताएंगे बजट की विशेषता



1 से 15 फरवरी तक चलेगा देशव्यापी अभियान : बडौली

**चंडीगढ़।** भाजपा केंद्र के बजट की विशेषताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देशव्यापी अभियान की शुरूआत कर रही है। हरियाणा में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री और विधायक सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता बजट पर प्रेसवार्ता करेंगे और लोगों को बजट की विशेषताओं की जानकारी देंगे। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने बताया कि भाजपा ने आम जन तक बजट के बारे में जानकारी पहुंचाने के लिए विशेष तैयारियां की है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में बड़ी स्क्रीन पर बजट प्रस्तुति को सामूहिक रूप से देखने की व्यवस्था भी की जाएगी। सांसद, मंत्री, विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को बताएंगे कि बजट में क्या खास है।

---

### मुख्यमंत्री ने महाग्राम महायोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

# गांव की स्थिति का आकलन कर विकास प्लान करें तैयार

*विकास के साथ गांवों की सांस्कृतिक विरासत पारंपरिक स्वरूप और स्थानीय पहचान को भी किया जाए संरक्षित*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गांवों के समग्र विकास और उनमें शहरों जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए महाग्राम महायोजना के तहत चयनित गांव की वर्तमान स्थिति का आकलन कर ग्राम विकास प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत भूमि की पहचान कर ग्राम सभा व ग्रामीणों से परामर्श के बाद योजना बनाई जाए, ताकि वह गांवों की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप हो। मुख्यमंत्री महाग्राम महायोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान पांच महाग्रामों कोहंड (जिला करनाल), सौंध (जिला पलवल), दीघोट (जिला पलवल), औरंगाबाद (जिला पलवल) तथा खानपुर कलां (जिला सोनीपत) के लिए तैयार किए गए ग्राम विकास प्लानों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम विकास प्लान के अंतर्गत प्रस्तावित सभी भूमि उपयोगों के लिए सेक्टर-वार विस्तृत योजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्लानिंग प्रक्रिया के दौरान गांवों की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक स्वरूप और स्थानीय पहचान को संरक्षित रखते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए।



चंडीगढ़। महाग्राम महायोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

#### तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे कराया जाए

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि इन महाग्रामों की योजना आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से तैयार की जाए, ताकि सटीक और प्रभावी प्लानिंग सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि महाग्राम महायोजना के तहत प्रदेश के 21 चयनित महाग्रामों में शहरी स्तर का बुनियादी ढांचा, सड़कें, जलापूर्ति, सीवरेज, हरित क्षेत्र और अन्य नागरिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार होगा।

#### 31 को एआई शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हब बनाने और सूचना प्रौद्योगिकी में नए अवसर पैदा करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के सहयोग से दी इंडस एंटरप्रेन्योर्स चंडीगढ़ द्वारा 31 जनवरी को चंडीगढ़ में पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। इस एआई शिखर सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जो राज्य सरकार की तकनीक-आधारित विकास और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### हुकटा प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात

**चंडीगढ़।** हरियाणा यूनिवर्सिटी कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशनके प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मुलाकात कर विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1400 अनुबंधित शिक्षकों के लिए आगामी बजट सत्र में सेवा-सुरक्षा विधेयक प्रस्तुत किए जाने हेतु लंबित सूचना समयबद्ध उपलब्ध कराने की मांग की। हुकटा प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे विजय मलिक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, कौशल,आयुष, खेल, स्वास्थ्य सहित संबंधित विभागों के अधीन आने वाले विश्वविद्यालयों को आवश्यक जानकारी शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि बजट सत्र में विधेयक को सदन के पटल पर रखा जा सके।

**1400 अनुबंधित शिक्षकों के लिए बजट सत्र में सेवा-सुरक्षा विधेयक प्रस्तुत किए जाने की मांग की**

---

**आप और कांग्रेस के रास्ते अलग-अलग**

## चंडीगढ़ निगम में फिर खिला कमल, सौरभ जोशी बने मेयर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



36 सदस्यों वाले सदन में 18 वोट हासिल कर त्रिकोणीय मुकाबले में जीते

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को चंडीगढ़ नगर निगम मेयर पद एक बार फिर कमल के नाम कर लिया। भाजपा पार्षद सौरभ जोशी 36 सदस्यों वाले सदन में 18 वोट हासिल कर तीन-तरफा मुकाबले में मेयर चुने गए। निगम के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी मेयर चुनाव था, क्योंकि नगर निगम का पांच साल का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त होने जा रहा है।

#### डिप्टी और सीनियर डिप्टी मेयर पद भी भाजपा का कब्जा

मेयर के साथ ही भाजपा ने डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर पद पर भी जीत दर्ज कर ली है। भाजपा पार्षद सुमन शर्मा डिप्टी मेयर, जबकि जसमनप्रीत सिंह सीनियर डिप्टी मेयर बने। दोनों को 18-18 वोट मिले। मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के योगेश ढींगरा को 11 वोट मिले और कांग्रेस उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गब्बी को 7 वोट हासिल हुए। इस तरह भाजपा ने चौथी बार चंडीगढ़ मेयर का चुनाव जीतने में सफलता हासिल की है।

#### सदन में भाजपा के पास सबसे ज्यादा पार्षद

यहां पर बता दें कि चंडीगढ़ नगर निगम में दलबदल विरोधी कानून लागू नहीं है। वर्तमान में 35 सदस्यीय सदन में भाजपा की बात करें, तो 18 पार्षद हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के 11 और कांग्रेस 6 पार्षद हैं। पिछले माह आप के दो पार्षद- पूनम और सुमन शर्मा के भाजपा में शामिल होने से पार्टी की संख्या 18 हो गई थी।

#### हाथ उठाकर हुआ मेयर चुनाव

मेयर का चुनाव गुप्त मतदान की बजाय हाथ उठाकर कराया गया। यह बदलाव चंडीगढ़ नगर निगम (कार्यप्रणाली और कामकाज) विनियम, 1996 के नियम 6 में संशोधन के बाद हुआ। इस संशोधन को जुलाई 2025 में चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंजूरी दी थी, ताकि क्रॉस-वोटिंग और बैलेट पेपर में हेरफेर को रोका जा सके।

#### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी बधाई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा की जीत पर पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "चंडीगढ़ में भाजपा संगठन द्वारा ऐतिहासिक 'क्लीन स्वीप' के साथ शानदार जीत पर सभी कार्यकर्ता साथियों को हार्दिक बधाई। यह जीत सुशासन व जनसेवा के प्रयासों का परिणाम है।

---

**विरोधाभासी गवाही पर मुआवज़ा याचिका खारिज**

## दो मंचों पर उल्टे बयान देने वाला गवाह अविश्वसनीय, झूठ पर नहीं मिलेगा हर्जाना

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना मुआवज़ा मामलों में झूठे और विरोधाभासी बयानों पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कोई गवाह आपराधिक अदालत और क्लेम ट्रिब्यूनल के समक्ष एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत बयान देता है, तो उसकी गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता और ऐसे मामलों में मुआवज़ा देने का कोई आधार नहीं बनता। हाईकोर्ट ने इस मामले में एमएसीटी, कुरुक्षेत्र के 12 फरवरी 2019 के आदेश को सही ठहराते हुए अपील खारिज कर दी, जिसमें मुआवज़े का दावा पहले ही अस्वीकार किया जा चुका था। मामला जोग ध्यान व अन्य की अपील से जुड़ा है, जिन्होंने अपने 24 वर्षीय बेटे सुमित की 27 मई 2015 को हुई कथित सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मुआवज़े की मांग की थी। दावा था कि कार नंबर एचआर -07 वी 3303 को आरोपी सुरेंद्र कुमार ने तेज़ और लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारी, जिससे सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, ट्रिब्यूनल ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता यह सिद्ध नहीं कर सके कि दुर्घटना प्रतिवादी की लापरवाह ड्राइविंग से हुई। इसी आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई थी। कोर्ट के समक्ष सबसे अहम तथ्य यह रहा कि दुर्घटना का एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी प्रभजोत सिंह ने पहले पुलिस के समक्ष बयान देकर कार चालक को दोषी ठहराया था।

### हाईकोर्ट ने इन्फ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा की जमानत मामले में जांच अधिकारी को रिकॉर्ड के साथ तलब किया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले के जांच अधिकारी को रिकार्ड के साथ अगली सुनवाई 19 फरवरी को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिया। ज्योति के वकील रविंद्र सिंह ढुल ने आरोप लगाया कि इस मामले में ज्योति के खिलाफ दर्ज एफआईआर का कोई ठोस आधार नहीं है। ढुल ने कोर्ट से आग्रह किया कि वह ज्योति की चेट का रिकार्ड तलब करे। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई पर जांच अधिकारी को रिकार्ड के साथ पेश होने का आदेश दिया। जासूसी गतिविधियों के आरोप में मई 2025 से जेल में बंद ज्योति ने अपनी रिहाई के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एफआईआर के अनुसार, यह मामला मई 2025 में आई एक इंटेलिजेंस ब्यूरो इनपुट रिपोर्ट से जुड़ा है। आरोप है कि ज्योति मल्होत्रा वर्ष 2023 में पाकिस्तान उच्चायोग, नई दिल्ली, वीज़ा आवेदन के लिए गई थीं, जहां उनकी मुलाकात पाकिस्तानी अधिकारी अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई।

■ जासूसी के आरोप में जेल में बंद है ज्योति

### घग्गर बेल्ट में बढ़ता कैंसर चिंतनीय भाखड़ा आधारित नहरी पेयजल उपलब्ध करवाया जाए: सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा संसदीय क्षेत्र, विशेषकर घग्गर बेल्ट में बढ़ते कैंसर के मामलों को लेकर सांसद सैलजा ने क्षेत्र में भाखड़ा नहर आधारित स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि दूषित भूजल और ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है, इसलिए नहरी पानी की आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में सरकार द्वारा भेजे आधिकारिक जवाब में स्वयं स्वीकार किया गया है कि रानियां नगर सहित सिरसा जिले के अनेक गांव आज भी नहरी (भाखड़ा) जलापूर्ति से पूर्ण रूप से नहीं जुड़े हैं और पेयजल आपूर्ति ट्यूबवेल के माध्यम से की जा रही है। कई स्थानों पर योजनाएं स्वीकृत होने के बावजूद कार्य अभी प्रगति पर है और पूर्ण नहीं हुआ है। रिपोर्ट में यह भी माना गया है कि कुछ गांवों में जल गुणवत्ता प्रभावित पाई जाती है, जहां विभाग को समय-समय पर वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। यह स्थिति स्वयं इस बात का संकेत है कि सुरक्षित नहरी जलापूर्ति की तत्काल आवश्यकता है।




### डिमांड नोटिस

चूंकि परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे वर्णित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में कार्य करते हुए) (यहां इसके पश्चात "एआरसीआईएल" के रूप में संदर्भित) कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित और प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण (यहां इसके पश्चात "दि सरफेसी एक्ट" के रूप में संदर्भित) के भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, का प्राधिकृत अधिकारी और चूंकि नीचे वर्णित चार्ट के कॉलम सं. 2 में वर्णित अनुसार कर्जदार/सह-कर्जदारों ने आईआईएफएल-होम फाइनेंस लि. मूल ऋणदाता से ऋण प्राप्त किया और एआरसीआईएल ने सर्फेसी एक्ट के तहत सिक्योर्ड क्रेडिटर के नाते यहां नीचे वर्णित ऋण अकाउंट्स के सम्बन्ध में वित्तीय परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में वर्णित राशि सहित उन पर आगे के ब्याज का पुनर्भुगतान करने के लिए यहां नीचे वर्णित अनुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों का आह्वान किया, परन्तु उन नोटिसों में से कुछ को विभिन्न कारणों की वजह से तामिल नहीं हो सकी। **ट्रस्ट का नाम : एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015**

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्रीमती अनीता देवी गहलतान एंटरप्राइजेज श्री प्रवीन (प्रोस्पेक्ट नं. IL10541069) | 06-जन.-2026, रु. 1555811.96/- (रुपये पन्द्रह लाख पचपन हजार आठ सौ ग्यारह और छियानवे पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेवट नं. 240, खतौनी नं. 294, रेक्ट. नं. 6 किल्ला नं. 6/1(3-11), 6/2(4-9) किते-2 आर/ओ गांव डिकाडला तहसील समालखा, जिला पानीपत -132101 में निहित 8 कनाल 0 मरला में से 36/1440 हिस्सा वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1080 |
| श्री जगतराम जगतराम पेंटर श्रीमती रजनी देवी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10552266) | 05-जन.-2026, रु. 759877.57/- (रुपये सात लाख उनसठ हजार आठ सौ सतहत्तर और सतावन पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव बिर मंगलोई, तहसील थाबैन, जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा-136156 में स्थित प्लॉट माप सम्पत्ति यूआईडी नं. 586070w0100000r0069a क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 391.10, 704.00 |
| श्री हरदीप सिंह श्रीमती राज कौर हरदीप ड्राईवर राज डेयरी फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10565462) | 05-जन.-2026, रु. 1566001.4/- (रुपये पन्द्रह लाख छियासठ हजार एक और चार पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- असंध वार्ड नं. 6, नगर पालिका असंध के अंदर, तहसील असंध व जिला करनाल 132039 में स्थित सम्पत्ति मकान प्रोपर्टी नं. 6/1383 (सम्पत्ति आई.डी. नं. P02500090581) क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1100.00, 1244.00 |
| श्री जगबीर श्रीमती पूनम (प्रोस्पेक्ट नं. IL10579585) | 05-जन.-2026, रु. 2176659.67/- (रुपये इक्कीस लाख छिहत्तर हजार छह सौ उनसठ और सड़सठ पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- वाका समालखा, तहसील समालखा, जिला पानीपत 132101 में स्थित खेवट नं. 217, खतौनी नं. 226, किल्ला नं. 68//24/2(1-9) में निहित, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1080.00, 1944.00 |

इसलिए सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अंदर, सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार के विरुद्ध, यहां ऊपर दर्शाये अनुसार कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए उनका आह्वान करते हुए, यहां ऊपर वर्णितानुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों को नोटिस दिया जाता है। सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार द्वारा आगे के ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, एआरसीआईएल ऊपर वर्णित अनुसार सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन के लिए धारा 13(4) के तहत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे, अधिनियम और यहां इनके तहत बनाए गए नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अनुसार अन्य तरीकों से सूचना की तामिल के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। आपको नोटिस दिया जाता है कि सरफेसी एक्ट की धारा 13 (8) में वर्णित अनुसार बिक्री द्वारा हस्तांतरण के लिए निजी सन्धि अथवा सार्वजनिक नीलामी के लिए सूचना के प्रकाशन की तिथि से पूर्व किसी भी समय सम्पूर्ण देय राशि के साथ-साथ लागत, परिव्यय और एआरसीआईएल द्वारा किए गए व्यय के भुगतान करने पर उक्त गिरवी को छुड़ाया जा सकता है। ध्यान दें कि सरफेसी एक्ट की एस-13 (13) के सम्बन्ध में, आपको बिक्री द्वारा, लीज अथवा किसी अन्य तरीके से प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के साथ डीलिंग और/अथवा हस्तांतरण करने से एतद द्वारा निषेध किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 30.01.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि.** CIN No.-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई-400028, Tel: +91 2266581300. Website: www.arcil.co.in


---

# सूबे में एसआईआर को लेकर होमवर्क, चुनाव आयोग तैयार

**मार्च में हो सकती शुरुआत, सीईओ हरियाणा ने दिए संकेत**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे में एसआईआर की शुरुआत होने के संकेत मिल रहे हैं। सीईओ (मुख्य निर्वाचन अधिकारी) ने भी इस तरह के संकेत दे दिए हैं। साथ ही साफ कर दिया है कि इस दिशा में तैयारी की जा रही है। वोटर लिस्टों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आरंभ होने से पहले निर्वाचन विभाग होमवर्क में जुटा हुआ है। भले ही एसआईआर की विधिवत घोषणा नहीं हुई है, उसके बाद भी गत दिनों हरिभूमि की ओर से पूछे जाने पर कहा था कि राज्य इसके लिए तैयार है। फरवरी मार्च में हरियाणा में भी इसकी शुरुआत हो सकती है। इस क्रम में चल रही प्रक्रिया और बीएलओ द्वारा पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची वर्ष 2002 से वर्तमान मतदाता सूची का मिलान किया जा रहा है। इसके अलावा, जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज है उसका मिलान किया जा रहा है।

#### दो करोड़ वोटरों का होगा एसआईआर

बताया जा रहा है कि सूबे में करीब पौने तीन करोड़ की आबादी है। लगभग दो करोड़ वोटर हैं। हरियाणा के सीईओ (मुख्य निर्वाचन अधिकारी) एश्रीनिवास ने बताया कि इस काम को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए राज्य के सभी बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं से सूचना प्राप्त कर रहे। राज्य के वर्तमान मतदाताओं की संख्या में से लगभग 79 लाख मतदाताओं का वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मिलान किया जा चुका है।

#### दो दशक बाद पुनरीक्षण प्रक्रिया की तैयारी

लगभग 23 वर्ष बाद मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर की तैयारी शुरू हो चुकी हैं। जिला स्तर पर टीमें तैनात कर दी गई हैं। पहले चरण में वर्ष 2002 और हाल की ही वर्ष 2024 की मतदाता सूची से मिलान का कार्य किया जा रहा है। प्री एसआईआर के तहत फिल्ड सत्यापन की प्रक्रिया को अपनाया जाएगा। राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-सर) आरंभ होने से पहले निर्वाचन विभाग तैयारियों में जुटा है।

---


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर ऑपरेटिव हिस्टीरोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा (पंचकूला)। | 28.01.2026<br>18.02.2026 | रु. 48,80,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829<br>equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर सिंगल पंक्चर लैपरोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा (पंचकूला)। | 28.01.2026<br>18.02.2026 | रु. 1,64,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829<br>equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर मोबाइल ओटी लाइट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा (पंचकूला)। | 29.01.2026<br>19.02.2026 | रु. 1,48,75,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829<br>equipmentdgm2020@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर सिलिंग ओटी लाइट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा (पंचकूला)। | 29.01.2026<br>19.02.2026 | रु. 3,75,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829<br>equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2026/100/42511/I/88/6 दि. 29.01.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | रेवाड़ी जिले में रेवाड़ी में नई जिला जेल के अतिरिक्त भाग के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास। (हॉस्पीटल ब्लॉक, कम्यूनिटी हॉल और वार्डर का हॉस्टल पुरुष)। | 28.01.2026<br>09.02.2026 | 8.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202<br>zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गोरछी से बरवा रोड आरडी 0.00 से 8.080 तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 22.01.2026<br>04.02.2026 | 61.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भिवानी | गांव कुंगर ब्लॉक बवानी खेड़ा, जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सलाइन और सोइल वाटर लॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 27.01.2026<br>09.02.2026 | 251.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040<br>ascobhiwani@gmail.com |
| 4 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भिवानी | गांव मिथाथल ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सलाइन और सोइल वाटर लॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 27.01.2026<br>09.02.2026 | 160.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040<br>ascobhiwani@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव फतेहपुर तग्गा ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में त्यागी वाला बारातघर का निर्माण, एचजीवीवाई सीएम + 2 कार्य। | 28.01.2026<br>04.02.2026 | 138.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067<br>prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कोट, ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में ड्रेन/नाला का निर्माण (श्यामी के मकान से शमशान घाट वाला रास्ता तक) + 2 कार्य। | 28.01.2026<br>04.02.2026 | 81.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067<br>prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | महिला एवं बाल विकास हरियाणा भिवानी | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति के परिवहन निविदा कार्य के सम्बन्ध में। | 25.01.2026<br>25.02.2026 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466150800<br>pobhw.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/140/42512/I/88/6 दि. 29.01.26

## खबर संक्षेप

### रेलवे कर्मचारी के पांच हत्यारों को उम्रकैद

**पानीपत।** जिला एवं सत्र न्यायधीश संदीप सिंह की अदालत ने उत्तर रेलवे में नियुक्त टीटीई मनप्रीत मलिक की हत्या व मनीष निवासी गांव उग्राखेड़ी जिला पानीपत पर जानलेवा हमले के दोषियों को सजा सुनाई है। करीब 20 वर्षीय नितिश, 19 वर्षीय जयकरण, 19 वर्षीय कार्तिक निवासी कुराड़, पानीपत, 21 वर्षीय सचिन निवासी गांव धनसौली, पानीपत और 19 वर्षीय कपिल निवासी विद्यानंद कॉलोनी, पानीपत को उम्रकैद की सजा दी है। दोषियों ने 5 अक्टूबर 2022 को मनप्रीत की चाकू मार कर हत्या व मनीष पर जानलेवा हमला किया था।

### दो दुष्कर्मियों को 20, एक को 10 साल का कारावास

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. चंद्रहास की अदालत ने लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के जुर्म में दो दोषियों जुलाना निवासी ईशु व विनित को बीस-बीस साल का करावास तथा बीस बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि एक दोषी हितेष को दस साल का कारावास तथा दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुलाना थाना इलाके की एक महिला ने 26 अगस्त 2023 को पुलिस को यह शिकायत दी थी। इसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए लड़की को बरामद किया था।

### नशीली गोलियों के तस्कर को 5 साल कैद

**सिरसा।** सिरसा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने नशीली गोलियों के तस्कर को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। पुलिस ने जुलाई 2018 में गांव लोहगढ़ क्षेत्र से कुलविंद्र को प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सीमा सिंघल की अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच साल की कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्मान की सजा सुनाई।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का जींद में ट्रायल शुरू
## डीजल इंजन से भंभेवा स्टेशन पर लाकर की जांच

**90**
किलोमीटर के मार्ग पर जींद से सोनीपत के बीच चलेगी हाइड्रोजन ट्रेन। जींद, जींद सिटी, पांडु पिंडारा, भंभेवा, गोहाना, मोहाना और सोनीपत स्टेशनों को कवर करेगी।

**110-140**
किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। इसकी डिजाइन स्पीड 150 है। 05 से 25 रुपये के बीच होगा स्टेशनों के हिसाब से किराया।

**01**
घंटे के अंदर तय करेगी सफर। वर्तमान में डीएमयू ट्रेन से दो घंटे का लगता है समय। 2600 से अधिक यात्रियों की क्षमता। तापमान सेंसर, बायो टॉयलेट, वॉश बेसिन और स्लाइडिंग दरवाजे होंगे।


जींद। भंभेवा स्टेशन पर खड़ा हाइड्रोजन ट्रेन का इंजन, जिसे डीजल इंजन से जोड़कर लाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन को जींद जंक्शन से डीजल इंजन के सहारे ट्रायल के लिए वीरवार को भंभेवा स्टेशन पर लाया गया। आगामी तीन से चार दिन तक इंजन का ट्रायल होगा। साथ ही चेन्नई की मेधा कंपनी व दिल्ली से रेलवे कर्मचारी भी ट्रायल के लिए पहुंचे हैं। ऐसे में अब उम्मीद है कि जल्द ही जींद-सोनीपत ट्रैक पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन चल पाएगी। इस दौरान इंजन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की जाएगी।

ट्रायल के दौरान आसपास के रेलवे ट्रैक, सिग्नल व्यवस्था और स्टेशन परिसर की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि यह ट्रेन हाइड्रोजन ईंधन सेल तकनीक का उपयोग करती है। इसमें डीजल या बिजली के बजाय हाइड्रोजन का उपयोग होता है। जिससे केवल पानी और भाप निकलती है ओर कोई हानिकारक धुआं नही निकलता है।

### 30 सदस्यीय टीम 2 से 3 दिन करेगी जांच

- इंजन से ज्यादा आ रही आवाज को चेक कर रही अधिकारियों की टीम
- आसपास के रेलवे ट्रैक, सिग्नल व्यवस्था और स्टेशन परिसर की भी जांच की जा रही

हाइड्रोजन इंजन की जांच टीम में 30 के करीब अधिकारी कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टेशन पर टेंट लगाया गया है, जिसमें सभी उच्च अधिकारियों ने कंप्यूटर पर इंजन की पूरी तरह से जांच की। अधिकारियों के अनुसार लगभग दो दिन पूरी तरह से इंजन की टेस्टिंग की जाएगी। इंजन की तकनीकी जांच करने के बाद उसको करीब 12:30 बजे चालू किया गया, जिसके बाद आवाज इंजन से ज्यादा आ रही थी। उसके बाद इंजन को पूरी तरह से जांचा गया और अधिकारी दोबारा से इंजन की फ्रिक्वेंसी की जांच करने में लग गए। यह ट्रेन चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में तैयार की गई है और यह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

## नेशनल हाइवे 152डी पर ट्रक के साथ भिड़ी कार
# राजस्थान जाट महासभा के महासचिव समेत तीन की सड़क हादसे में मौत

- रामपाल के आश्रम से लौट रहे थे तीनों, बुचावास के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

नेशनल ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे 152डी पर बुधवार रात्रि बुचावास के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हो गया। बता दें कि महेंद्रगढ़-कनीना स्टेट हाईवे नंबर 24 के बुचावास के समीप से गुजर रहे एनएच की पुलिया के नजदीक इस हादसे में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हादसे में घायल हुए तीन लोगों को एंबुलेंस की मदद से उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दो व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीसरे को पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रेफर कर दिया। तीसरे व्यक्ति ने रोहतक पहुंचने पर दम तोड़ दिया। मरने वालों में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश महासचिव खेम सिंह चौधरी थे। वे अपने दोस्तों के साथ रामपाल के आश्रम से लौट रहे थे। इस बारे में अलवर में गढ़ी मामोड वासी दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बहनोई रमेशचंद वासी सालेटा अलवर उसके दोस्त खेमसिंह वासी मानोता खुर्द, जिला डींग व भागचंद मीणा वासी आमला अलवर क्विड कार में सवार होकर 27 जनवरी को भिवानी गए थे। बताया जा रहा है कि तीनों लोग संत रामपाल के आश्रम गए थे, जो देर रात राजस्थान लौट रहे थे। पुलिस की अनुसंधान अधिकारी सुनील कुमारी ने बताया कि वीरवार को पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर शवों का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया।


हादसे में घायलों का इलाज करते चिकित्सक।

### एक ने पीजीआई में दम तोड़ा

रात्रि के समय वापस लौटते समय उनकी कार के आगे चल रहे एक ट्रक ने बुचावास के समीप अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे उनकी कार अनियंत्रित हो गई और ट्रक से टकरा गई। इससे तीनों कार सवारों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस के मुताबिक मृतकों में एक व्यक्ति की पहचान राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश महासचिव खेम सिंह चौधरी के रूप में हुई। दूसरे की मृतक की पहचान गाड़ी मालिक रमेश चंद के रूप में हुई। तीसरे घायल भागचंद मीणा ने पीजीआईएमएस रोहतक में दम तोड़ दिया। सभी तीनों व्यक्ति नेशनल हाईवे नंबर 152 डी से होते हुए वापिस जा रहे थे।

### अवैध रूप से बारदाना बेचने पर इंस्पेक्टर को मंत्री ने किया सस्पेंड

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर ने कहा कि डीएफएससी के पत्र का इंस्पेक्टर जवाब ना दें और उसे बार-बार पत्र लिखना पड़े, यह तो गलत बात है। ऐसा करने वाले इंस्पेक्टर रविंद्र को सस्पेंड किया जाए। मंत्री राजेश नागर ने डीएफएससी को निर्देश दिए कि वो इंस्पेक्टर रविंद्र, इंस्पेक्टर नवीन व अशोक के मामले में विभाग की कानूनी राय लेकर तीनों के खिलाफ पुलिस में शिकायत देकर केस दर्ज करवाया जाए।

महावीर कॉलोनी लाडवा निवासी सोनू नारंग ने शिकायत में इंस्पेक्टर रविंद्र पर आरोप लगाए। सोनू ने आरोप लगाया कि इंस्पेक्टर रविंद्र की एक साल पहले लाडवा से ट्रांसफर जिला करनाल के निगदू में हो गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद रविंद्र ने विभाग का सारा बारदाना बेच दिया। यहां से करीब उसने 1200 क्रेट बेच दी, जिसकी कीमत 10 से 12 लाख रुपये है। मंत्री ने जांच के बाद रिकवरी के भी आदेश दिए। मंत्री राजेश नागर वीरवार को नए लघु सचिवालय बिल्डिंग के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे।

# 23 जनवरी से लापता 6 वर्षीय बच्चे का शव नहर से मिला

- मां व बहन के साथ अंबाला से हुआ था लापता, अभी दोनों की भी तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

अंबाला में 23 जनवरी को लापता हुए 6 साल के बच्चे का शव नरवाना ब्रांच नहर से ज्योतिसर के समीप बरामद हुआ। गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को बाहर निकाल कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक बच्चे की पहचान एकम निवासी रविदास मोहल्ला कावंला गांव जिला अंबाला के रूप में हुई। एकम 23 जनवरी सुबह करीब साढ़े 10 बजे अपने घर से लापता हुआ था। एकम के साथ उसकी मां मीना देवी और 8 साल की बहन दिव्या बगैर किसी को बताए घर से चले गए थे।


एकम।

अभी मां व बहन का पता नहीं चला है। रोहित सिंह निवासी कावंला ने 23 जनवरी को अंबाला पुलिस को बताया कि उसके भाई रवि कुमार की शादी करीब 10 साल पहले मीना देवी निवासी निवारसी थाना लाडवा जिला कुरुक्षेत्र के साथ हुई थी। करीब 2 महीने पहले उसके भाई रवि कुमार की मौत हो गई थी। 23 जनवरी की सुबह भाभी बच्चों के साथ कहीं चली गई। इसके बाद तलाश करने पर भी वह नहीं मिली। अब बच्चे का शव नहर से बरामद हुआ है।

### फाइव स्टार होटल में मिली इंजीनियर की लाश

गुरुग्राम। सेक्टर 29 स्थित फाइव स्टार होटल क्राउन प्लाजा में बेंगलुरु के इंजीनियर का शव बाथरूम में मिला। मृतक की पहचान विजय के रूप में हुई है। वह बेंगलुरु का रहने वाला था और एक आईटी कंपनी में कार्यरत था। किसी काम के सिलसिले में वह गुरुग्राम आया हुआ था। पुलिस के मुताबिक, विजय 2 अन्य विदेशी नागरिकों के साथ 5 दिन से होटल में रुका हुआ था। दोनों विदेशी नागरिक गुरुवार सुबह 10 बजे कंपनी में चले गए थे। बताया जा रहा है कि विजय बाथरूम में नहाने के लिए गया था। इसके बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पुलिस का कहना है कि अभी मौत के सही कारणों का पता नहीं चला है। संभावना है कि हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हुई है।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road:**- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.**



एजेंसी ⏭ बारामती

‘अजित दादा’ पंचतत्व में विलीन

# परिवार समेत समर्थकों ने नम आंखों से दी विदाई

## बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी, कई केंद्रीय और राज्य के मंत्री भी रहे शामिल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को गुरुवार को उनके गृहनगर बारामती में अंतिम विदाई दी गई। पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान विद्या प्रतिष्ठान मैदान में भारी संख्या में समर्थक अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अपने नेता के आखिरी दर्शन करने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग नम आंखों से अजित को अंतिम विदाई दी।

### ‘अजित दादा अमर रहें’ के नारे से गूंजा बारामती



पिता अजित पवार को मुखाग्नि देते उनके पुत्र

अंतिम संस्कार की रस्में दोपहर में शुरू हुईं। अजित के बेटों, पार्थ और जय ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार अपने आंसू नहीं रोक पा रही थीं। जब उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ उनके गांव काटेवाड़ी से विद्या प्रतिष्ठान मैदान लाया गया। मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने अजित दादा अमर रहें के नारे लगाए।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए गृहमंत्री शाह



इस दुखद घड़ी में देश और राज्य के कई बड़े नेता बारामती पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, मुरलीधर मोहोल और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। एनसीपी प्रमुख शरद पवार,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी थे।

**पूरा परिवार रहा मौजूद कई मुख्यमंत्री भी पहुंचे**

अजित की चचेरी बहन और सांसद सुप्रिया सुले सुनेत्रा पवार को सांत्वना देती रहीं। अंतिम संस्कार में प्रफुल्ल पटेल, रामदास अठावले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पूर्व मुख्यमंत्री सुशीलकुमार शिंदे और अशोक चव्हाण जैसे दिग्गज नेता भी शामिल हुए।

डिप्टी सीएम बनाने के लिए सौंपा जाएगा प्रस्ताव

## एनसीपी ने सुनेत्रा पवार को चुना अजित पवार का ‘उत्तराधिकारी’

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन हादसे में मौत के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा उत्तराधिकारी बन सकती हैं। एनसीपी के दो दिग्गज नेताओं प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने ऐसे ही संकेत दिए हैं। सुनेत्रा महायुति सरकार में नई डिप्टी सीएम बन सकती हैं। वे अभी राज्यसभा की सदस्य हैं। एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और पार्टी के दिग्गज नेता छगन भुजबल के अनुसार भाजपा को सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाने का प्रस्ताव सौंपा जाएगा। अगर वह डिप्टी सीएम बनती हैं तो वह अजित पवार की बारामती सीट से लड़कर विधायक बन जाएंगी। एनसीपी के दोनों नेताओं ने सुनेत्रा पवार से मुलाकात में उन्हें डिप्टी सीएम बनने का आग्रह किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महाराष्ट्र विधानसभा में 41 विधायक हैं। पवार फैमिली से राजनीति में आधा दर्जन लोग सीधे तौर पर सक्रिय हैं। इनमें शरद पवार जहां सबसे बड़े हैं, तो वहीं सुनेत्रा पवार इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वह बारामती में सुप्रिया सुले के सामने चुनाव लड़ चुकी हैं, हालांकि तब वह हार गई थीं, लेकिन इसके बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य बना दिया था।

**प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने दिए संकेत**

*यूरोप के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों ने सार्वजनिक तौर पर इस समझौते का स्वागत किया*

# भारत-ईयू एफटीए पर वैश्विक प्रमुख बोले, वृद्धि व समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसे शीघ्र लागू करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के पूर्ण होने पर दुनिया भर में, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और सम्मानित नीति विशेषज्ञों ने मज़बूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। पूरे यूरोप के कई वरिष्ठ राजनीतिज्ञों ने सार्वजनिक तौर पर इस समझौते का स्वागत किया। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने बातचीत के नतीजे को बहुत ही सकारात्मक संकेत बताया और इस वृद्धि और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसे शीघ्र अति शीघ्र लागू करने की अपील की।

⏭ फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत-ईयू एफटीए को ऐतिहासिक और दोनों पक्षों द्वारा अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक संबंध काफी मजबूत होंगे।

⏭ स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि यह समझौता सहयोग के एक नए युग की शुरुआत है, जो व्यापार और साझेदारी के माध्यम से समृद्धि, प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को मजबूत करेगा।

⏭ ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉक ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों को फायदा पहुंचाने वाला एक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाता है और इसे तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में यूरोप की उदार नीति के लिए एक बड़ा कदम बताया।

⏭ डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने समझौते को पूरा समर्थन देते हुए इसे भू-राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया और दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार में पहले कदम उठाने के लाभ पर जोर दिया।

⏭ फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक मंत्री निकोलस फोरिसियर ने ईयू-भारत समझौते को एक बड़ा राजनीतिक कदम बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह दूसरे समझौतों से अलग है।

⏭ यूरोपीय संसद के सदस्य सैंड्रो गोज़ी ने कहा कि यह समझौता साफ तौर पर साझेदारी में विविधता लाने और अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता बढ़ाने की ईयू की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने भारत को एक प्रमुख वैश्विक राष्ट्र बताते हुए कहा कि भू-राजनीतिक और कूटनीतिक नजरिए से, यह समझौता यूरोपीय और भारतीयों दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसर खोलता है।

### व्यापार प्रमुख और संगठनों ने यह कहा

भारत में काम कर रहे यूरोपीय और वैश्विक व्यापार प्रमुखों ने इस समझौते से अत्यंत उम्मीद जताते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया। एयरबस में भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया के अध्यक्ष जुर्गन वेस्टरमेयर ने एफटीए को 20 वर्ष की वार्ता के बाद एक /"बड़ा पल/" बताते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए अवसरों को बढ़ाने का काम करेगा।

⏭ एयरबस इंटरनेशनल के अध्यक्ष वाउटर वैन वर्श ने इसे शानदार दिन बताया, और मेक इन इंडिया, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, रक्षा, अंतरिक्ष और अत्याधुनिक विनिर्माण के प्रति एयरबस की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दोहराया।

⏭ इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के महानिदेशक जान नोएथर ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों और वैश्विक जीडीपी के लगभग एक चौथाई हिस्से को एक साथ लाता है, और इसे मदर ऑफ ऑल ट्रेड्स बताया। बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएचके बर्लिन) के अध्यक्ष, सेबेस्टियन स्टीजेल ने भारत-ईयू एफटीए को लगातार तनावपूर्ण वैश्विक स्थिति में खुलेपन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि भारत अब भविष्य का बाजार नहीं, बल्कि वर्तमान का बाज़ार है, जिसमें बर्लिन को अब अवसरों का फ़ायदा उठाना चाहिए।

⏭ वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसी प्रमुख जर्मन कार निर्माताओं के सीईओ सहित प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों ने भारत में जर्मन निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के इस समझौते की क्षमता की सराहना की।

⏭ क्रोएशियाई एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन (एचयूपी) और बिजनेसयूरोप ने वैश्विक संरक्षणवाद के बीच ईयू-भारत एफटीए को ईयू के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक कदमों में से एक बताया। स्वीडिश व्यापार संगठनों जैसे स्वेन्स्कट



नेरिंग्सलिव और फ़्रोरेटैगार्ना ने इसे एक बड़ा अवसर बताया है, जिसमें कम टैरिफ और बेहतर बाज़ार पहुंच का हवाला दिया गया है। आयरिश आर्थिक और व्यावसायिक निकायों ने ईयू-भारत एफटीए का स्वागत किया है।

⏭ चैंबर्स आयरलैंड ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया जो आयरिश निर्यातकों, विशेष रूप से मशीनरी और कृषि-खाद्य क्षेत्रों के लिए बाज़ार पहुंच और विविधीकरण को बढ़ाता है।

⏭ अन्य वरिष्ठ व्यावसायिक हस्तियों, जिनमें फ्रैंक श्लोडर (मैनेजिंग डायरेक्टर, हेफ़ेल साउथ एशिया), थॉमस वोल्टर (मैनेजिंग डायरेक्टर, क्रोन्स मशीनरी इंडिया), लार्स एरिक जोहानसन (एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, ऑक्सिया जीएमबीएच), जान-ओलोफ जैक (सीईओ, कन्फेडरेशन ऑफ़ स्वीडिश एंटरप्राइज) और फ्रेडरिक पर्सन (प्रेसिडेंट, बिजनेसयूरोप) शामिल हैं, ने इस समझौते का नियमों पर आधारित व्यापार, आपूर्ति-श्रृंखला उदारता, एसएमई विकास और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा के लिए एक मजबूत संकेत के रूप में स्वागत किया।

### अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ और थिंक टैंक

वैश्विक नीति विशेषज्ञों और थिंक टैंक ने इस समझौते को ठोस रूप से मजबूत और रणनीतिक रूप से सही समय पर किया गया फैसला बताया। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) के वरिष्ठ सलाहकार रिचर्ड रॉसो ने कहा कि यह समझौता दुनिया की एक चौथाई आबादी और वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को एक साथ लाता है और उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक दृष्टिकोण मजबूत आधार को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हाल के एफटीए गहरे और अधिक महत्वाकांक्षी व्यापार प्रतिबद्धताओं की ओर एक स्पष्ट बदलाव दिखाते हैं।

⏭ अटलांटिक काउंसिल के सीनियर फेलो माइकल कुगेलमैन ने भारत-ईयू एफटीए को सही समय पर सही समझौता बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह अमेरिकी टैरिफ से परे है और एक व्यापक, तेजी से बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है। भू-राजनीतिक रणनीतिकार वेलिना चकारोवा ने इसे पैमाने और रणनीतिक इरादे दोनों के मामले में इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण भू-आर्थिक समझौतों में से एक बताया।

⏭ कील इंस्टीट्यूट फॉर द वर्ल्ड इकोनॉमी ने कहा कि गहरे ईयू-भारत एकीकरण से द्विपक्षीय व्यापार में 41 से 65 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, दोनों पक्षों में जीडीपी के 0.12-0.13 प्रतिशत तक वास्तविक आय बढ़ सकती है।

⏭ यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस ने ईयू-भारत एफटीए को हाल के वर्षों में हुए सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक बताया, जिसमें सामान, सेवाएं, निवेश, डिजिटल व्यापार और नियामक सहयोग शामिल हैं।

⏭ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) ने कहा कि कई भागीदारों के साथ व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने पर भारत की हाल की प्रगति- एक अधिक खुली अर्थव्यवस्था की ओर एक कदम का संकेत देती है और यह भारत के अपने दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावनाओं को बढ़ाएगा।

एसआईआर में गड़बड़ी के आरोप

## सुप्रीम कोर्ट ने दफ्तरों के बाहर ‘सूची’ लगाने के दिए निर्देश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। याचिकाओं में चुनाव आयोग की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी गई थी। जिस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति सूची में शामिल किए गए हैं, उनकी सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रत्येक उपखंड कार्यालय और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम इस सूची में हैं, वे सूची प्रकाशित होने की तारीख से 10 दिनों के भीतर खुद या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। सूची में विसंगति के संक्षिप्त कारण भी दर्ज किए जाएंगे।

### बिहार वोटर लिस्ट विवाद : याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन याचिकाओं में गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर याचिका भी शामिल है। एसआईआर की प्रक्रिया पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, प्रशांत भूषण और गोपाल शंकरनारायण सहित कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की।

सीजेआई ने ट्रेड यूनियंस को जमकर सुनाया

## ट्रेड यूनियन से खत्म हो रहीं नौकरियां इनके कारण ही कई इंडस्ट्री हो गईं ठप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने ट्रेड यूनियंस को जमकर सुनाया। घरेलू कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने दो-टूक कहा कि देश में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट रुकने और पारंपरिक उद्योगों के तबाह होने के लिए काफी हद तक ट्रेड यूनियन जिम्मेदार हैं। उनकी वजह से नौकरियां खत्म हो रही हैं। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि उद्योगों के बंद होने के पीछे तथाकथित झंडे वाली यूनियनों का बड़ा हाथ रहा है। यह सच्चाई सामने आनी चाहिए कि देश में कितनी औद्योगिक इकाइयां सिर्फ ट्रेड यूनियनों के कारण बंद हो गई हैं? सीजेआई ने कहा कि शोषण होता है, इससे इनकार नहीं है, लेकिन उससे निपटने के लिए लोगों को व्यक्तिगत अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्कल्डि बनाना ज्यादा जरूरी है।



अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा

## भाजपा की सरकार में न्याय की आशा नहीं, गलती भी नहीं मानी

**काशी (एजेंसी)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। हमने संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा। इस पार्टी की सरकार में न्याय की कोई आशा न करे यही संदेश मिला है। यूजीसी के नए नियमों पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह नियम इसी लिए लाया गया है कि उनकी कमियां जो हैं उसकी चर्चा कोई न करे। सवाल ये है कि यूजीसी जैसा नियम जो सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा खतरा है। जातियां इसलिए नहीं हैं कि एक दूसरे से लड़ें, ये इसलिए है कि सभी लोगों की आजीविका सुरक्षित रहे।



**न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढा समिति (पी.ए.सी.एल. लि. के मामले में)**

**सार्वजनिक सूचना**

**हरियाणा-कुरुक्षेत्र, ओडिशा नयागढ, दिल्ली दक्षिण पूर्व में स्थित पी.ए.सी.एल. लि. की संपत्तियों की ई-नीलामी**

1. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सुब्रत भट्टाचार्य बनाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के मामले (सिविल अपील सं. 13301/2015) में तथा दूसरे संबंधित मामलों में, 2 फरवरी 2016 को पारित किए गए आदेश के तहत, पी.ए.सी.एल. लि. द्वारा खरीदी गई संपत्तियों की बिक्री करने के लिए, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर. एम. लोढा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था, ताकि बिक्री से मिलने वाले पैसों (सेल प्रोसीड्स) से निवेशकों को भुगतान किया जा सके। उपरोक्त मामले में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित किए गए आदेश दिनांक 8 अगस्त, 2024 के अनुसार, इस समिति ने **हरियाणा - कुरुक्षेत्र, ओड़िशा नयागढ़, दिल्ली दक्षिण पूर्व में स्थित पी.ए.सी.एल. लि.** की संपत्तियों की ई-नीलामी शुरू करने का निर्णय लिया है और तदनुसार “प्रस्ताव हेतु निवेदन” (आरएफपी) जारी किये हैं, जो इन लिंकों के अंतर्गत उपलब्ध हैं: https://www.sebi.gov.in/notice-for-eoi-proposals.html, https://www.bankeauctions.com.
2. उपरोक्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज इन लिंकों के अंतर्गत जाकर देखे जा सकते हैं: https//:sebipaclproperties.com, https//:www.bankeauctions.com.
3. ई-नीलामी में भाग लेने से संबंधित ब्यौरे आरएफपी में दिए हुए हैं। आरएफपी से संबंधित मुख्य-मुख्य तारीखें इस प्रकार हैं:-

- **आरएफपी के प्रकाशन की तारीख** - 30 जनवरी, 2026
- **बोलियाँ इस तारीख से प्रस्तुत की जा सकती हैं** - 30 जनवरी, 2026
- **सवाल आदि इस तारीख तक पूछे जा सकते हैं** - 13 फ़रवरी, 2026
- **बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय** - 09 मार्च, 2026 (17:00 बजे)
- **इस तारीख से ई-नीलामी शुरू होगी** - 23 मार्च, 2026 (11:00 बजे)

**संबंधित शर्तें :**

➢ इन संपत्तियों की बिक्री “जहाँ है, जैसा है और जो भी है” के आधार पर की जाएगी और यदि इन संपत्तियों को लेकर कोई दावा किया जाता है या उन पर कोई देनदारी बकाया हो और/या उन पर कोई ऋणभार (इन्कम्ब्रेस) हो, तो उसकी जिम्मेदारी खरीदार की होगी।

➢ इस नोटिस में और इस निविदा संबंधी दस्तावेज के तहत जारी किए गए आरएफपी में संपत्तियों के जो ब्यौरे दिए गए हैं वे उसी प्रकार हैं जैसा विक्रेता को उपलब्ध कराया गया है और यदि किसी कारण से इन ब्यौरों में कोई भी बदलाव होता है, तो इसकी जिम्मेदारी न तो विक्रेता की होगी और और न ही एजेंसी की।

➢ यदि संपत्तियों / उनसे संबंधित हक विलेख (टाइटल डीड) में कुछ भी गड़बड़ी पाई जाती है, तो उसके लिए समिति किसी भी सूरत में जिम्मेदार नहीं होगी और बोली लगाने वालों से यह निवेदन है कि वे संपत्तियों से संबंधित हक विलेख (टाइटल डीड) की अच्छी तरह से छानबीन करने के बाद ही अपनी बोलीयाँ प्रस्तुत करें।

CBC 15204/12/0226/2526

खरगे और राहुल से संसद में मुलाकात के बाद थरूर का बड़ा बयान...

## मुस्कराते हुए कहा- कांग्रेस में ‘सब ठीक’ चल रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में गुरुवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर और राहुल गांधी के बीच एक संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद थरूर ने मुस्कराते हुए कहा कि सब ठीक है। उनके इस बयान ने कांग्रेस के भीतर चल रहे मतभेदों और असंतोष की खबरों पर फिलहाल विराम लगा दिया है। थरूर ने राहुल और खरगे के साथ हुई इस बातचीत को बहुत ही रचनात्मक और सकारात्मक बताया। उन्होंने साफ किया कि अब वे और पार्टी नेतृत्व एक ही बात पर सहमत हैं। पिछले कुछ महीनों से थरूर और कांग्रेस नेतृत्व के बीच तनाव की खबरें आ रही थीं। थरूर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि उनके कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें वे पार्टी के मंच पर उठाना चाहते हैं।



### अहम बैठक में नहीं हुए थे शामिल

विवाद की शुरुआत तब हुई जब थरूर पार्टी की एक अहम बैठक में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने बाद में स्पष्ट किया कि वे एक साहित्य उत्सव में गए थे । कोच्चि में पार्टी के एक कार्यक्रम में उनके साथ हुए खराब व्यवहार की खबरों पर भी उन्होंने चुप्पी साधे रखी।

## रील बनाने से मना किया तो पगड़ी से गला घोंट पति को मार डाला

**झाबुआ।** झाबुआ में पत्नी बारात में रील नहीं बनाने देने पर इस कदर नाराज हुई कि पति की हत्या कर दी। वह भी शादी की पगड़ी से गला घोंटकर। इसके लिए यूट्यूब देखकर पूरी प्लानिंग की। वारदात थांदला थाना इलाके में 28 जनवरी की है। पुलिस ने मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए नाबालिग पत्नी को अभिरक्षा में ले लिया है। एसपी डॉ. शिवदयाल सिंह ने बताया कि 28 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे डायल 112 पर सूचना मिली थी कि 25 वर्षीय कैलाश पिता रायचंद माल का शव उसके घर में संदिग्ध हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को शुरुआती जांच में मामला उलझा हुआ लगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि कैलाश की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने इसी पॉइंट पर जांच आगे बढ़ाई। इस दौरान पता लगा कि कैलाश अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। जिसके कारण उनके बीच अक्सर विवाद होता रहता था। पुलिस ने इसे आधार बनाकर पत्नी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। जहां सख्ती बरतने पर पत्नी ने अपराध कबूल लिया।



## चिंतन

# शैक्षिण संस्थानों को जातीय भेदभाव से दूर रखा जाए

सुप्रीम कोर्ट द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर रोक लगाना केवल एक कानूनी हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था के मूल उद्देश्यों पर पुनर्विचार का भी संकेत है। शीर्ष अदालत ने सख्त नसीहत देते हुए साफ शब्दों में कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को जातीय और भाषाई भेदभाव से दूर रखा जाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य समाज को जोड़ना है, न कि उसे वर्गों में बांटना। यूजीसी द्वारा 13 जनवरी को अधिसूचित नए नियमों का उद्देश्य कथित तौर पर भेदभाव की शिकायतों से निपटना था, लेकिन देशभर में इसके विरोध ने यह सवाल खड़ा कर दिया कि क्या इन प्रावधानों से समस्या सुलझेगी या और जटिल होगी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या शामिल थे, ने माना कि नियमों के प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर कोर्ट ने अगले आदेश तक इन पर रोक लगा दी और 2012 के पुराने नियमों को लागू रखने का निर्देश दिया। अदालत की सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी जातीय आधार पर समितियों के गठन को लेकर आई। कोर्ट ने चेताया कि शैक्षणिक संस्थानों में जातीय आधारित कमेटियां बनाना खतरनाक असर डाल सकता है। शिक्षा का माहौल ऐसा होना चाहिए, जहां छात्र अपनी पहचान के बजाय अपनी योग्यता और परिश्रम के आधार पर आगे बढ़ें। यदि संस्थानों के भीतर ही जातीय पहचान को औपचारिक रूप से रेखांकित किया जाएगा तो यह अनजाने में ही विभाजन और प्रतिस्पर्धा को जन्म दे सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ताओं जिनमें मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान शामिल हैं, ने नए नियमों को जनरल कैटेगरी के छात्रों के प्रति भेदभावपूर्ण बताया। यह तर्क अपने आप में संवेदनशील है, क्योंकि भारत की आरक्षण नीति और सामाजिक न्याय की बहस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह जरूर कहा कि शिक्षा का अधिकार सबका समान है और सवर्ण तथा गैर-सवर्ण जैसी श्रेणियों में छात्रों को बांटना शिक्षा के मूल भाव के खिलाफ है। अदालत ने भाषाई भेदभाव का मुद्दा भी उठाया, जो अक्सर शिक्षा व्यवस्था में अनदेखा रह जाता है। भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषा के आधार पर भेदभाव की संभावना वास्तविक है। यदि शैक्षणिक संस्थानों में भाषा को भी पहचान और प्रभुत्व का औजार बना दिया जाए तो यह समान अवसर की अवधारणा को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एक-दूसरे पर हावी होने की रणनीति किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक चेतना का विस्तार करना है, न कि समाज में पहले से मौजूद खाइयों को और गहरा करना। हालांकि, यह भी सच है कि जातीय भेदभाव की शिकायतें वास्तविक हैं और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रश्न यह नहीं है कि भेदभाव से कैसे निपटा जाए। यदि नियम अस्पष्ट होंगे या अत्यधिक पहचान-आधारित ढांचे पर टिके होंगे, तो वे समाधान से ज्यादा समस्या पैदा कर सकते हैं। इसी संतुलन की तलाश में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नया ड्राफ्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप याद दिलाता है कि शिक्षा नीति केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि समाज के भविष्य की दिशा तय करने वाला उपकरण है। ऐसे में इसका हर शब्द, हर प्रावधान, अत्यंत सोच-समझकर तय किया जाना चाहिए।



बजट
महेन्द्र तिवारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार नौवां आम बजट पेश करने जा रही हैं। यह केवल एक औपचारिक आर्थिक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि उस दौर का आईना होगा, जिसमें आम आदमी महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य और भविष्य की अनिश्चितताओं के बीच संतुलन खोज रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत स्थिरता दिखाई है, लेकिन इसका सीधा लाभ हर घर तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। मध्यम वर्ग, जो कर व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, आज सबसे अधिक अपेक्षाएं लगाए बैठा है। यदि इसमें उम्मीदों और यथार्थ के बीच संतुलन बना, तो यह केवल नौवां बजट नहीं, बल्कि विश्वास का दस्तावेज बन सकता है।

# उम्मीदों व यथार्थ के बीच संतुलन जरूरी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को लगातार नौवां आम बजट पेश करने जा रही हैं। यह केवल एक औपचारिक आर्थिक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि उस दौर का आईना होगा जिसमें आम आदमी महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य और भविष्य की अनिश्चितताओं के बीच संतुलन खोज रहा है। यह अवसर ऐतिहासिक भी है, क्योंकि वह मोरार जी देसाई के दस बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता बनी हुई है, विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों का दबाव है, एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती दिख रही है और युद्धों के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित है, भारत का यह बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि भरोसे का दस्तावेज होना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत स्थिरता दिखाई है, लेकिन इसका सीधा लाभ हर घर तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। मध्यम वर्ग, जो कर व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, आज सबसे अधिक अपेक्षाएं लगाए बैठा है। यह वर्ग केवल कर में छूट नहीं चाहता, बल्कि जीवन की बुनियादी जरूरतों में राहत चाहता है। वेतनभोगी परिवारों के लिए बढ़ती किस्तें, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य बीमा और मकान का सपना लगातार महंगा होता जा रहा है।

ऐसे में उम्मीद है कि कर कटौती की सीमा बढ़े, ताकि हाथ में बचने वाली आय से रोजमर्रा का जीवन थोड़ा आसान हो सके। केवल आयकर की दरों में बदलाव ही नहीं, बल्कि मकान ऋण पर मिलने वाली ब्याज छूट को बढ़ाने से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल सकता है। आज शहरों में एक साधारण घर भी मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर होता जा रहा है, ऐसे में सस्ते आवास को प्रोत्साहन देना सामाजिक स्थिरता के लिए भी जरूरी है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम आदमी की चिंता और भी गहरी है। बीमारी आज केवल शारीरिक संकट नहीं, बल्कि आर्थिक आपदा बन जाती है। निजी अस्पतालों की बढ़ती लागत और बीमा प्रीमियम ने मध्यम और निम्न आय वर्ग को डरा रखा है। यदि स्वास्थ्य बीमा पर कर में अधिक छूट मिले, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष प्रावधान हों और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का दायरा बढ़े तो यह बजट वास्तव में जीवन रक्षक साबित हो सकता है। आयुष आधारित उपचार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की मजबूती और दवाओं की सस्ती उपलब्धता जैसे कदम आम परिवार के लिए राहत की सांस होंगे। ग्रामीण भारत और किसान इस देश की अर्थव्यवस्था की नींव हैं। आधी से अधिक आबादी आज भी खेती और उससे जुड़े कामों पर निर्भर है, लेकिन आय की अनिश्चितता और बढ़ती लागत ने किसान को असुरक्षित बना दिया है। किसानों को मिलने वाली प्रत्यक्ष सहायता राशि में वृद्धि, सस्ते ऋण की सीमा बढ़ाना और फसल बीमा को अधिक पारदर्शी तथा त्वरित बनाना समय की मांग है। सिंचाई परियोजनाओं में बड़े निवेश से न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि गांवों में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। जब गांव मजबूत होंगे, तभी शहरों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा और सामाजिक संतुलन बना रहेगा। लघु और



मध्यम उद्योगों की भूमिका भी इस बजट में केंद्र में रहनी चाहिए। ये उद्योग लाखों लोगों को रोजगार देते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। आसान ऋण, सरल कर व्यवस्था और तकनीकी सहायता से ये इकाइयां आत्मनिर्भर बन सकती हैं। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को प्रोत्साहन देने से सामाजिक बदलाव भी आएगा।

गांव और कस्बों में यदि छोटे उद्योग फलते-फूलते हैं, तो पलायन रुकेगा और स्थानीय विकास को नई दिशा मिलेगी। महिलाएं और युवा किसी भी देश के भविष्य की असली पूंजी होते हैं। महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाना केवल सामाजिक न्याय का प्रश्न नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति की भी शर्त है। स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों और कौशल प्रशिक्षण योजनाओं को यदि मजबूत समर्थन मिले तो महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की सहभागी बनेंगी। युवाओं के लिए रोजगार सृजन सबसे बड़ी चुनौती है। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी नौकरी न मिलना आज लाखों युवाओं की हकीकत है। यदि बजट में प्रशिक्षु कार्यक्रम, नई नौकरियों के लिए प्रोत्साहन और नवाचार आधारित उद्यमों को सहायता मिले तो यह निराशा उम्मीद में बदल सकती है। शिक्षा पर निवेश लंबे समय का निवेश होता है। विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणवत्ता सुधारना आवश्यक है। व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा को समाज की मुख्यधारा में लाने से युवाओं को रोजगार योग्य बनाया जा सकता है। डिजिटल माध्यमों से दूरदराज के क्षेत्रों तक शिक्षा पहुंचाने से ग्रामीण और शहरी बच्चों के बीच की खाई कम होगी। जब शिक्षा सशक्त होगी, तभी जनसंख्या का लाभ वास्तविक आर्थिक शक्ति में बदलेगा। स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे पर खर्च किसी भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। अस्पताल, डॉक्टर, जांच सुविधाएं और चिकित्सा उपकरण यदि सुलभ होंगे तो जनता का भरोसा मजबूत होगा। इसी तरह सड़क, रेल, हवाई संपर्क और ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश से न केवल रोजगार पैदा होते हैं, बल्कि पूरे देश की उत्पादकता बढ़ती है। स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल योजनाओं से आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य तैयार किया जा सकता है। जब घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पहुंचेगी। इससे बिजली का खर्च घटेगा और प्रदूषण भी कम होगा। निर्मला सीतारमण के पिछले बजटों में नीति की निरंतरता दिखी है। बड़े सुधारों के साथ-साथ स्थिरता बनाए रखने की कोशिश रही है। इस बार भी उनसे यही अपेक्षा है कि वे विकास और जनकल्याण के बीच संतुलन साधें। आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब उसका असर आम आदमी की थाली, जेब और भविष्य की सुरक्षा पर दिखे। विदेशी निवेश, निर्यात और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है, लेकिन साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि लाभ केवल चुनिंदा वर्गों तक सीमित न रह जाए। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी पूरी होगी, जब गांव का किसान, शहर का मजदूर, मध्यम वर्ग का कर्मचारी, महिला उद्यमी और पढ़ा-लिखा युवा सभी खुद को इस विकास यात्रा का हिस्सा महसूस करें। यह बजट केवल सरकार की मंशा का नहीं, बल्कि देश की दिशा का संकेत देगा। यदि इसमें उम्मीदों और यथार्थ के बीच संतुलन बना, तो यह केवल नौवां बजट नहीं, बल्कि विश्वास का दस्तावेज बन सकता है। आम आदमी आज चमत्कार नहीं, बल्कि ईमानदार कोशिश चाहता है। अगर यह कोशिश दिखाई दी तो 2047 के सपने की राह और भी स्पष्ट हो जाएगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्वदेशी सामानों के उपयोग के समर्थक थे महात्मा गांधी

समाज को सामाजिक-पारिवारिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाने का संदेश देने के साथ ही महात्मा गांधी ने देश की आर्थिक सबलता को भी महत्वपूर्ण माना था। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का भाव उनके विचारों का ही नहीं, व्यवहार का भी हिस्सा रहा। आर्थिक सबलता और आत्मनिर्भरता के इसी लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के समय स्वदेशी सामानों को अपनाने का मंत्र दिया था। अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देकर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का उनका यह विचार आज के दौर में और भी प्रासंगिक लगता है। वस्तुतः, 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ' का नारा देते हुए गांधी जी रोजगार, स्वावलंबन और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए देश को सशक्त बनाना चाहते थे। गांधी ने स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से समाज के हर वर्ग से विदेशी वस्तुओं का परित्याग कर देश में बने उत्पादों के उपयोग का आग्रह किया था। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में आज स्वदेशी सामानों को अपनाने की इस राह पर चलने का संकल्प और जरूरी हो चला है। विकसित देशों की धमकियों और दबदबे से बाहर आने के लिए देशवासियों का देश में बने सामानों को समर्थन देना बहुत आवश्यक है। सुखद है कि बीते कुछ वर्षों से देश को आत्मनिर्भर बनाने वाली 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम बल भी पा रही है। प्रधानमंत्री मोदी कई अवसरों पर देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करते रहे हैं। खासकर त्योहारी मौसम में हर भारतीय से 'मेड इन इंडिया' उत्पादों का उपयोग बढ़ाने का आग्रह रहा है। कुछ



समय पहले देशवासियों को लिखे एक खुले पत्र में प्रधानमंत्री ने लिखा था कि 'हर बार जब आप अपने देश के कारीगर, मजदूर और उद्योगों द्वारा बनाए गए सामान खरीदते हैं तो आप न सिर्फ रोजगार को बढ़ावा देते हैं बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका भी सुरक्षित करते हैं। मैं दुकानदारों और व्यापारियों से अपील करता हूं कि वे 'मेड इन इंडिया' सामान ही बेचें और गर्व से कहें- जो खरीदेंगे वो स्वदेशी, जो बेचेंगे वो स्वदेशी। विचारणीय है कि स्वदेशी चीजों को अपनाना युवाओं का पलायन रोकने से लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने तक, कई पक्षों से गहराई से जुड़ा है। यह हर तरह से भारत की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने वाला भाव और झुकाव है। ज्ञात हो कि महिलाओं की एक बड़ी आबादी स्वदेशी उत्पाद बनाने वाले उपक्रमों से जुड़ी है। रोजगार हो या स्वरोजगार, देशी सामानों के उत्पादन से महिलाओं की बड़ी आबादी जुड़ी है। विशेषकर त्योहार मौसम में महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सजावटी सामग्री और खाद्य पदार्थों की बिक्री सीधे-सीधे महिलाओं को फायदा पहुंचाती है। ध्यातव्य है कि हर वर्ष त्योहारों की श्रृंखला का समय देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यह रेखांकित करने योग्य है कि भारत की बेहतरी से जुड़े बदलाव के मोर्चे पर अब आमजन भी डटे दिखते हैं। अपने देश को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी सामानों की खरीद को प्राथमिकता दी जाने लगी है। जनमानस भारत में बनी चीजों को अपनाने के प्रति जागरूक हुआ है। अब त्योहारी मौसम में चीनी सामानों की बिक्री में भारी गिरावट के साथ 'मेड इन इंडिया' उत्पादों की लोकप्रियता का असर साफ नजर आता है।

साल-दर-साल स्थानीय कारीगरों और भारतीय कंपनियों के उत्पादों को खरीदने में लोगों की रुचि बढ़ रही है। विदेशी सामानों के बजाय देश में बने उत्पादों प्राथमिकता देने से स्थानीय लोगों को तो फायदा हुआ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है। ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और अर्थव्यवस्था को बल देने के मोर्चे पर बापू के विचार आज भी प्रासंगिक लगते हैं। निस्संदेह, महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन का मंत्र अपनाते हुए वैश्विक पटल पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई जा सकती है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया सकता है। आर्थिक सुधारों से जुड़ी इस मुहिम को देशवासियों की सरोकारी समझ का साथ मिलना सबसे जरूरी है। यह समझ संस्कृति को सहेजने और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने वाली है। सुखद है कि समय के साथ देश में बनी चीजों को खरीदने और उनके इस्तेमाल को लेकर गर्व का भाव भी आ रहा है। स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता देकर हर भारतीय देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकता है। घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने और विदेशी आयात पर निर्भरता घटाने में हर भारतवासी एक अहम भूमिका निभा सकता है। जरूरी है कि गांधी द्वारा देखे गए आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हर नागरिक अपने दायित्वबोध को समझे।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# निरंतर रूप से निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है।

# शिव के अंशावतार हैं वीर हनुमान



संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाचार पत्रों का महत्त्व

हमारे देश में 29 जनवरी को, राष्ट्रीय समाचार पत्र दिवस मनाया जाता है। हमारे देश का पहला समाचार पत्र 29 जनवरी, वर्ष 1780 को प्रकाशित हुआ था। इसे हिक्कीज़ बंगाल गजट के नाम से जाना जाता था। राष्ट्रीय समाचार पत्र दिवस का मुख्य उद्देश्य समाचार पत्रों के महत्व और इसके उद्देश्य के प्रति जागरूकता और सम्मान देना भी है। आज न्यूज चैनलों की बाढ़ आ जाने के बावजूद हर कोई अखबार का इंतजार जरूर करता है। नेता हो, अभिनेता या फिर आमजन, हर कोई अखबार में ही खबर पढ़कर संतुष्ट होता है। देश की जनसंख्या का एक बहुत बड़ा हिस्सा समाचार पत्रों को अहमियत देता है। यह आमजन की मूलभूत समस्याओं को सत्ताधारियों तक पहुंचाने में भूमिका अदा करते हैं। स्वतंत्रता संग्रामों और आंदोलनों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी प्रेस ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

*- कमलेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# नेपाल के मुस्तांग में भारी बर्फबारी से ट्रेकिंग रोकी गई

नेपाल के मुस्तांग क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण अधिक ऊंचाई वाले पांच मार्गों पर ट्रेकिंग को रोक दिया गया है। प्रशासन ने ट्रेकिंग करने वालों को इन पांच मार्गों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बर्फबारी के बाद, लोकप्रिय पर्यटन स्थल मुस्तांग को मनांग से जोड़ने वाले सरिबुंग दर्रे, मेसो कुन्डो दर्रे, थोरोंग ला दर्रे, मुस्तांग को डोलपा से जोड़ने वाले यक्खरक मार्ग और म्याग्दी और मुस्तांग को जोड़ने वाले धौलागिरी ट्रेकिंग मार्ग पर ट्रेकिंग रोक कर दी गई है। हर साल, हजारों लोग मुख्य रूप से मुक्तिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए बर्फ से ढके पहाड़ों के पास स्थित मुस्तांग जिले में आते हैं। ये रास्ते अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित हैं और बर्फबारी के दौरान बेहद जोखिम भरे माने जाते हैं। मुख्य जिला अधिकारी अजिता शर्मा ने बताया कि तीन पड़ोसी जिलों से मुस्तांग को जोड़ने वाले ट्रेकिंग मार्ग भारी बर्फबारी के कारण बेहद जोखिम भरे हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'हमें जानकारी मिली है कि कुछ ट्रेकिंग मार्गों पर चार फीट तक बर्फ जमा हो गई है। अगर पर्यटक फंस जाते हैं तो बचाव अभियान बेहद मुश्किल हो जाएगा।'



## ऑफ बीट

# मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं। आपकी कार्यशील मांसपेशियों को होने वाले अन्य लाभों के कारण संभवतः इसके बिना आपकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी।



## ट्रेंड

### स्वदेशी हथियार हाइटेक



ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि हमारे स्वदेशी हथियार कितने एडवांस और हाइटेक हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रक्षा नवाचार आज हमारी फोर्सेस को और आधुनिक बना रहे हैं, जिससे हमारे युवा साथियों के लिए संभावनाओं का बहुत विस्तार हुआ है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कम्प्लीट टूरिस्ट डेस्टिनेशन



हर्ष का विषय है कि जोधपुर ने पर्यटन के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 38 लाख से अधिक पर्यटकों के आगमन ने सिद्ध कर दिया है कि जोधपुर अब विश्व का नया 'कम्प्लीट टूरिस्ट डेस्टिनेशन' बन चुका है।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### यूजीसी के नियम



सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नए नियम पर रोक लगाने का फैसला उचित, जबकि देश में, इस मामले में सामाजिक तनाव आदि का वातावरण पैदा ही नहीं होता, अगर यूजीसी नए नियम को लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में ले लेती।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### घुसपैठियों को संरक्षण



ममता बनर्जी के पास 15 सालों के शासन के बाद बताने के लिए अपनी उपलब्धियां तक नहीं हैं। और तो और, अब वो रोहिंग्याओं व बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने के अपने कुकृत्य पर भी पर्दा डालना चाह रही हैं।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# रणजी ट्रॉफी : सौराष्ट्र के उनादकट का कहर, चटकाए 4 विकेट, चंडीगढ़ 136 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

रणजी ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी में सौराष्ट्र के खिलाफ चंडीगढ़ की टीम गुरुवार को घरेलू मैदान पर पहली पारी में महज 136 रन पर ढेर हो गई। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने चंडीगढ़ सेक्टर 16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में अपनी गेंदबाजी से चंडीगढ़ के बल्लेबाजों पर जमकर कहर बरपाया। जयदेव उनादकट ने 14 ओवर में 44 रन देकर चार विकेट चटकाए।

जयदेव उनादकट के अलावा चेतन साकरिया ने 10.1 ओवर में 43 रन और चिराग जानी ने छह ओवर में 18 रन देकर 2-2 विकेट झटके। प्रेरक मांकड़ भी एक विकेट (नौ ओवर में 19 रन) लेने में सफल रहे। चंडीगढ़ के कप्तान मनन वोहरा बिना खाता खोले रन आउट हो गए। मनन वोहरा समेत चंडीगढ़ के चार बल्लेबाज अपना खाता नहीं खोल पाए। शिवम भांबरी, वैभव नारंग बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ग्याहरवें बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर कार्तिक सांडिल तीन गेंद में अपना खाता नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए।



### चंडीगढ़ के अरजित और जगजीत की शानदार बल्लेबाजी

चंडीगढ़ की ओर से विकेटकीपर अरजित सिंह और आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जगजीत सिंह संधू संयुक्त रूप से टीम के उच्चतम स्कोरर रहे। अरजित सिंह ने 60 गेंद में पांच चौके और जगजीत सिंह संधू ने 54 गेंद में चार चौके की मदद से 29-29 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों की बात करें तो अर्जुन आजाद 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। राज अंगद बावा ने 27 गेंद में 14, विशु ने 31 गेंद में 18, निशंक बिड़ला ने 27 गेंद में 12 और रोहित ढांडा ने 10 गेंद में तीन रन बनाए।



### पंजाब का मजबूत स्कोर अमनजोत ने लगाया अर्धशतक

**मोहाली।** अमनजोत सिंह चहल के नाबाद 77 रन की मदद से पंजाब ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच के पहले दिन 9 विकेट पर 303 रन बनाए। एक समय पर पंजाब का स्कोर छह विकेट पर 168 रन था लेकिन इसके बाद अमनजोत ने एक छोर संभालकर बल्लेबाजी की। अभिजीत गर्ग (81) और कप्तान उदय सहारन (44) ने शीर्षक्रम पर अच्छी पारियां खेली लेकिन मध्यक्रम चल नहीं सका। इक्कीस वर्ष के अमनजोत ने इसके बाद हालांकि कर्नाटक के गेंदबाजों को खासा परेशान किया। पंजाब टीम में वापसी कर रहे इस हरफनमौला ने इससे पहले 2024 में दो मैच खेले थे। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल और श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए।

## खबर संक्षेप

### एफआईएच प्रो लीग के लिए हॉकी टीम का ऐलान, मनप्रीत बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के सबसे जाने-माने खिलाड़ियों में से एक और मध्यपंक्ति के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह का नाम आगामी एफआईएच प्रो लीग सत्र से पहले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की। प्रो लीग का सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। दो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीमों के सदस्य और 33 वर्षीय पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत 15 वर्षों में पहली बार शिविर के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं बना पाए हैं। वह हॉकी इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ 412 मैचों के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक मैच दूर हैं।

### बरुआ थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**बेंकॉक।** भारत की ईशरानी बरुआ ने बृहस्पतिवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला एकल में दक्षिण कोरिया की दूसरी वरीयता प्राप्त सुंग शुओ युन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत की विश्व नंबर 48 खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34वीं वरीयता प्राप्त सुंग को कड़े मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-14 से मात दी। इशारानी की हमवतन देविका शाइग ने भी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ताइपे की तुंग सिओ-टोंग को 21-14, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

### भारत ने मिश्रित दिव्यांगता टी-20 मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

**ग्रेटर नोएडा।** भारत ने पांच मैचों की मिश्रित दिव्यांगता टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड पर सात विकेट की जीत के साथ शानदार आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने अपने निर्धारित 20 ओवरों में 173 रन बनाए। जवाब में भारत ने 18.5 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिये प्लेयर ऑफ द मैच विकेटकीपर बल्लेबाज योगेंद्र भदौरिया ने 59 गेंद में छह चौके और पांच छक्के की मदद से 94 रन की पारी खेली। आकाश सिंह ने 15 गेंद में 36 रन का योगदान दिया।


## सेमीफाइनल में एरिना ने स्वितोलिना को सीधे सेटों में दी पटखनी

# वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 एरिना सबालेंका ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 6-3 से सीधे सेटों में जीत दर्ज की। इसी के साथ सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। सबालेंका शनिवार को मेलबर्न में खिताब के लिए एलिना रिबाकिना और जेसिका पेगुला के बीच मुकाबले की विजेता का सामना करेंगी। सबालेंका को मैडिसन कीज के खिलाफ साल 2023 का फाइनल गंवाना पड़ा था। अब उनके पास फिर से खुद को साबित करने का मौका है।



### एक अविश्वसनीय उपलब्धि : सबालेंका

मैच के बाद सबालेंका ने कहा, यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, लेकिन मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है। मैं जीत से बहुत खुश हूं। वह (एलिना स्वितोलिना) बहुत मुश्किल प्रतिद्वंद्वी हैं। मैं उनका खेल देख रही थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अविश्वसनीय रूप से खेला। मुझे लगा कि आगे बढ़कर उन पर जितना हो सके उतना दबाव डालना होगा। मुझे खुशी है कि आज मेरा खेल उस स्तर का था। मैंने शानदार टेनिस खेला। मैं सीधे सेटों में जीत हासिल करके खुश हूं।

### फाइनल में जगह बनाने के लिए लगा एक घंटा

गुरुवार को रोड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में एरीना सबालेंका ने शुरू से ही मैच में पकड़ बनाए रखी। उन्हें फाइनल में जगह बनाने के लिए करीब एक घंटे का समय लगा। यह मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें सबालेंका ने अपनी पहली सर्विस पर 67 प्रतिशत और दूसरी सर्विस पर 79 प्रतिशत अंक जीते। बेलारुसी खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने अपनी पावर और जोरदार सर्विस के साथ स्वितोलिना पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस बीच, अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की ओर बढ़ रहीं स्वितोलिना को वापसी का एक भी मौका नहीं मिला।

## कुबलर-पॉल्मन्स का शानदार सफर जारी

### मेंस डबल्स फाइनल में एंट्री



**मेलबर्न।** जेसन कुब्लर और मार्क पोलमैंस की जोड़ी ने अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन के शानदार सफर को जारी रखा है। इन खिलाड़ियों ने गुरुवार को ग्रेट ब्रिटेन के ल्यूक जॉनसन और पोलैंड के जैन जिलिंस्की की जोड़ी के खिलाफ 6-2, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। इसी के साथ होमटाउन वाइल्डकार्ड ने मेंस डबल्स फाइनल में जगह बना ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का सामना ग्रेट ब्रिटेन के पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नील स्कूपस्की और अमेरिकी खिलाड़ी क्रिश्चियन हैरिसन से होगा। इस अनुभवी जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को सीधे सेटों में हरा दिया था।

## डब्ल्यूपीएल: डि क्लर्क और हैरिस के शानदार प्रदर्शन से यूपी को हराकर आरसीबी फाइनल में

भाषा ▶▶| वडोदरा



▶▶| वॉरियर्ज को 9 विकेट से हराया

▶▶| मंधाना की फिफ्टी, डी क्लर्क को 4 विकेट

पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां जोरदार वापसी करते हुए यूपी वॉरियर्स को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यूपी वॉरियर्स के लिए इस हार के बाद प्ले ऑफ में जगह बनाने काफी मुश्किल हो गया है। नादिन डि क्लर्क के चार विकेट और ग्रेस हैरिस के दो विकेट से आरसीबी ने शानदार शुरुआत करने वाली यूपी वॉरियर्स को आठ विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। टीम ने इसके बाद हैरिस (37 गेंद में 75) और मंधाना (27 गेंद में नाबाद 54) की 108 रन की आक्रामक साझेदारी से महज 13.1 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस बड़ी जीत के साथ आरसीबी के 12 अंक हो गए, जिससे टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली और पांच टीमों की तालिका में शीर्ष स्थान पर भी कब्जा जमाया। यूपी वॉरियस चार अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है और एक मैच शेष होने के बावजूद उसका नेट रन रेट भी सबसे खराब है, जिससे उसका अभियान लगभग खत्म होने की कगार पर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए 'प्लेयर ऑफ मैच' हैरिस ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने शुरुआती ओवरों में क्रांति गौड़ को निशाना बनाया।

## टाटा स्टील मास्टर्स: एरिगैसी की एक और हार

# काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने जीती बाजी

एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी



भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी महत्वपूर्ण क्षणों में जर्मनी के विन्सेंट कीमर के कौशल का मुकाबला नहीं कर सके और उन्हें टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एक और हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हालांकि युवा खिलाड़ी यागिज कान एर्दोगमस के खिलाफ जीत हासिल करके प्रतियोगिता में वापसी की। काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने बाजी जीती। उनके अब संभावित 10 में से पांच अंक हो गए हैं। एरिगैसी कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में थे, लेकिन इस टूर्नामेंट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और वह अंक तालिका में निचले पायदान पर हैं। उनके 10 मैचों में सिर्फ चार अंक हैं।




### प्रज्ञाननंदा ने नीमन के साथ खेला ड्रॉ

टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने हैंस मोके नीमन के साथ अपनी बाजी ड्रॉ खेली। पिछले दौर में गुकेश को हराने वाले जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम ने अनीश गिरी को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी, जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट ने जावोखिर सिंदारोव के साथ ड्रॉ खेला।

हरियाणा सरकार
हरियाणा सरकार की अनूठी पहल
शहद अब भावान्तर भरपाई योजना में शामिल
मधुमक्खी बॉक्स पर आई.डी. खोदना (एनग्रेव) एवं सत्यापन
मधुमक्खी पालक द्वारा प्रत्येक बॉक्स पर पी.पी.पी. आई.डी. के अंतिम 4 अंक और उसके बाद सीरियल नंबर खोदना (एनग्रेव करवाना) अनिवार्य है।
सीरियल नंबर खोदने (एनग्रेव करने) उपरान्त मधुमक्खी पालक जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में सत्यापन करवाने हेतु सूचित करें।
सूचना प्राप्त होने उपरान्त जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय द्वारा सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जायेगा।
अधिक जानकारी के लिए
उप-निदेशक उद्यान आई.बी.डी.सी.रामनगर, कुरुक्षेत्र से संपर्क करें
कॉल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-2021
क्यू आर कोड स्कैन करें
उद्यान विभाग, हरियाणा
वेबसाइट :- Website : www.hortharyana.gov.in ई-मेल :-horticulture@hry.nic.in
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana






## खबर संक्षेप

### चैटजीपीटी पर सीक्रेट डॉक्यूमेंट अपलोड किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की साइबर सुरक्षा एजेंसी के भारतीय मूल के कार्यकारी निदेशक डॉ. माधु गोट्टुमुक्कला ने संवेदनशील सरकारी दस्तावेजों को पब्लिक वर्जन के चैटजीपीटी में अपलोड कर दिया। उन्होंने पिछले साल काम के सिलसिले में कॉन्ट्रैक्टिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ आंतरिक दस्तावेज चैटजीपीटी में डाले, जो सिर्फ आधिकारिक इस्तेमाल के लिए थे। ये दस्तावेज क्लासिफाइड नहीं थे, लेकिन इन्हें सार्वजनिक करने से रोका गया था।

### नॉर्थ कोलंबिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 15 की मौत

**नॉर्थ कोलंबिया।** अमेरिका के नॉर्थ कोलंबिया के नॉर्ट डी सेंटेंडर प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में बुधवार को एक छोटा प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्लेन में सवार सभी 15 लोगों की मौत हो गई। सरकारी एयरलाइन कंपनी सतेना इस फ्लाइट का संचालन करती थी। कंपनी ने कहा कि घटनास्थल पर एक बचाव दल भेजा गया। विमान एचके4709 स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11:42 बजे राजधानी कुकुटा के हवाई अड्डे से ओकाना के लिए रवाना हुआ था। यह उड़ान आमतौर पर लगभग 40 मिनट की होती है।

### मदद के नाम पर फंड जुटा रहे पाक आतंकी संगठन

**नई दिल्ली।** एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकी संगठन अपने फंड जुटाने के तरीकों में लगातार विविधता ला रहे हैं और वैश्विक निगरानी से बचने के नए रास्ते तलाश रहे हैं। हम्माद अजहर गाजा की महिलाओं से अपने तथाकथित 'दान कार्यों' की तारीफ करते हुए वीडियो बनवाता है। सोशल मीडिया पर वह 'क़ैसर अहमद' नाम से सक्रिय है और लोगों से 'खालिद अहमद' के नाम से दर्ज एक ईजीपैसा खाते में दान देने की अपील करता है। बताया गया है कि उसे पाकिस्तान और खाड़ी देशों से चंदा मिल रहा है।

### तेजी से बढ़ रहा 'बॉम्ब साइक्लोन'

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर एक बार फिर कड़ाके की सर्दी और भारी बर्फबारी की चपेट में आने वाला है। एक शक्तिशाली 'बॉम्ब साइक्लोन' विंटर स्टॉर्म तेजी से शहर की ओर बढ़ रहा है, जो शनिवार रात से रविवार तक दस्तक दे सकता है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह तूफान 3 इंच से अधिक बर्फबारी कर सकता है, जबकि शहर अभी पिछले वीकेंड की एक फुट से ज्यादा बर्फबारी से उबर रहा है। इस तूफान से तेज हवाएं और ठंडी हवा का खतरा बढ़ेगा, जो तापमान को सिंगल डिजिट या यहां तक कि जीरो से नीचे ले जा सकता है।

राज्यसभा में केंद्रीय पर्यटन मंत्री का जवाब

## सोशल मीडिया ट्रैवल कंटेंट की निगरानी न संभव है, न व्यावहारिक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ट्रैवल से जुड़े कंटेंट में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर संज्ञान लिया है, लेकिन मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बड़ी संख्या में सोशल मीडिया यूजर्स और इन्फ्लुएंसर्स के कारण प्रत्येक कंटेंट की निगरानी या उसका नियमन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाला अधिकांश ट्रैवल कंटेंट यूज़र जनरेटेड होता है, जिसे विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर स्वतंत्र रूप से साझा किया जाता है। ऐसे में मंत्रालय के पास न तो इस प्रकार के इन्फ्लुएंसर-आधारित प्रचार की प्रामाणिकता जांचने का कोई अलग तंत्र है और न ही उसकी सुरक्षा या विश्वसनीयता को सत्यापित करने की कोई स्वतंत्र व्यवस्था। मंत्री ने सदन को बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स की संख्या बहुत अधिक है और वे कई अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय हैं। इस स्थिति में किसी एक मंत्रालय द्वारा हर व्यक्ति या पोस्ट पर निगरानी रखना न तो संभव है और न ही व्यावहारिक।

राहुल से मिले हरियाणा के मनरेगा मज़दूर

## मनरेगा को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ़ श्रमिकों ने उठाई आवाज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी से गुरुवार को जनसंसद में हरियाणा से आए मनरेगा श्रमिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया। श्रमिकों ने कहा कि मनरेगा केवल रोज़गार योजना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीब और मेहनतकश परिवारों के स्वाभिमान, आज़ादी और न्यूनतम सुरक्षा की गारंटी है, जिसे मौजूदा सरकार खत्म करने पर तुली हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार का मनरेगा को बर्बाद करने का मकसद साफ है। इससे मज़दूरों से दिहाड़ी के मोल-भाव का अधिकार छीनना, पंचायतों की शक्तियां खत्म कर उनके हाथ बांधना, राज्यों से अधिकार छीनकर उन्हें दिल्ली में केंद्रित करना और देश को फिर से ऐसे दौर में धकेलना, जहां सत्ता और संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमट जाए। श्रमिकों ने बताया कि मनरेगा के तहत न्यूनतम मज़दूरी, साल में 100 दिन काम की गारंटी और सम्मान के साथ काम करने का अधिकार मिला था।

अमेरिकी हमले की आशंका के बीच ईरान के समर्थन में उतरा तुर्की

# राष्ट्रपति एर्दोगन ने ट्रंप के समक्ष वार्ता का रखा प्रस्ताव, ईरान के विदेश मंत्री आज जाएंगे तुर्की

ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर आने और परमाणु हथियारों पर डील करने को कहा है, वरना धमकी दी कि अगला अमेरिकी हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा। ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में एक जंगी बेड़ा भेजा है और तेहरान को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को मारने या अपना परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी है



एर्दोगन डोनाल्ड ट्रंप खामेनेई

एजेंसी ⏭ अंकारा/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी है। इस बीच, ईरान का दोस्त और नाटो सदस्य तुर्की उसके पक्ष में खड़ा हो गया है। राष्ट्रपति एर्दोगन सक्रिय हो गए हैं, जिसके बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची शुक्रवार को तुर्की का दौरा करने वाले हैं। इस दौरान वह तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ ईरान में हाल के घटनाक्रम और अमेरिका के साथ तनाव पर बातचीत करेंगे। ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर आने और परमाणु हथियारों पर डील करने को कहा है, वरना धमकी दी कि अगला अमेरिकी हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा।

ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में एक जंगी बेड़ा भेजा है और तेहरान को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को मारने या अपना परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से ईरान पर एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एर्दोगन ने 27 जनवरी को ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह पहल की।

ट्रंप की चेतावनी अगला हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा

एक और एयरक्राफ्ट ईरान की तरफ बढ़ रहा

### ड्रोन से की जा रही निगरानी

तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि अंकारा ने एक टेक्नोलॉजी से बेहतर फिजिकल बैरियर सिस्टम के जरिए ईरान के साथ अपनी 560 किमी लंबी सीमा पर सुरक्षा मजबूत की है। तुर्की ने ईरान के शरणार्थियों को रोकने के लिए 203 इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल टावर और 43 एलिवेटर-सुसज्जित टावर, 380 किलोमीटर लंबी मॉड्यूलर कंक्रीट की दीवार और 553 किमी लंबी रक्षात्मक खाइयों का निर्माण किया है। तुर्की के कहा कि ड्रोन और एयरक्राफ्ट सहित जासूसी और निगरानी सिस्टम से बॉर्डर वाले इलाकों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

### सीमा पर 'बफर जोन' बना रहा तुर्की

तुर्की, ईरान में सरकार गिरने की स्थिति में बफर जोन बनाने की योजना पर काम कर रहा है। तुर्की के अधिकारियों को आशंका है कि ईरान पर अगर हमला होता है और तेहरान में सरकार गिर जाती है तो शरणार्थियों की एक बड़ी लहर उनके देश की तरफ बढ़ सकती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए तुर्की, बॉर्डर के ईरानी तरफ एक बफर जोन बनाने की योजना बना रहा है।

### ईरान की सुरक्षा, शांति तुर्की के लिए अहम

तुर्की ने कहा है कि वह अपने पड़ोसी देश में किसी भी विदेशी दखल का विरोध करता है और उसने वॉशिंगटन से ईरान के साथ अपने मुद्दों को एक-एक करके सुलझाने का आग्रह किया है। उसने दोनों पक्षों से संपर्क किया है, और चेतावनी दी है कि ईरान में अस्थिरता इस समय क्षेत्र की संभालने की क्षमता से बाहर हो जाएगी। फिदान अराकची से कहेंगे कि तुर्की ईरान में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहा है, और ईरान की सुरक्षा, शांति और स्थिरता अंकारा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### अमेरिकी हमले की सूरत में इजराइल निशाने पर होगा: ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की चेतावनी दी। इससे आगबबूला ईरान ने भी ट्रंप को पलटकर जवाब देने की धमकी दी है। ईरान ने अमेरिका की किसी भी सैन्य कार्रवाई का तुरंत जवाब देने की कसम खाई। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के एक शीर्ष सलाहकार ने धमकी दी कि अगर हमला हुआ तो वे इजराइल को टारगेट करेंगे। हाल ही में ईरान में खामेनेई सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ।

### ईरान की घेराबंदी कर रहा है अमेरिका

अमेरिका, ईरान के सीनियर अधिकारियों और कमांडरों पर सटीक हमले करने की योजना पर काम कर रहा है, जिन्हें वो प्रदर्शनकारियों की मौत के लिए जिम्मेदार मानता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि एक और एयरक्राफ्ट कैरियर ईरान की तरफ बढ़ निकला है। जिससे ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका काफी ज्यादा बढ़ गई है। अमेरिका का पहला एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले ही गल्फ ऑफ ओमान पहुंच चुका है और वो मिडिल ईस्ट में दाखिल हो चुका है। अब्राहम लिंकन पर 90 फाइटर जेट्स, जिनमें एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट भी शामिल हैं। ये एक पूरा कैरियर स्ट्राइक ग्रुप है, जिनमें 4 युद्धपोत, सप्लाई चेन जहाज और पनडुब्बियां भी शामिल हैं।

अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर होगी चर्चा

## भारत और अरब लीग के 22 विदेश मंत्रियों की कल नई दिल्ली में बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




भारत 31 जनवरी को आयोजित अरब के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अरब लीग के सभी 22 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और महासचिव शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह बैठक भारत-अरब साझेदारी को नई दिशा देने वाला सबसे बड़ा संस्थागत मंच है। इसमें अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। बैठक से एक दिन पहले, 30 जनवरी को चौथी भारत-अरब वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। भारत और अरब देशों के बीच यह विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक है। पहली बैठक 2016 में बहरीन में हुई थी, जिसमें सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई थी।

चुनावों से पहले हत्या, रेप और धार्मिक स्थलों पर हमले बढ़े

## बांग्लादेश में थमने का नाम नहीं ले रही अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल के बाद भारत के निकट पड़ोसी देश बांग्लादेश में इन दिनों जल्द होने वाले आम चुनावों को लेकर गहमागहमी का दौर चल रहा है। तमाम भागीदार अपनी किस्मत आजमाने के लिए चुनावी मैदान में जोर आजमाइश में जुटे हुए हैं। इन सबके बीच हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी भीषण हिंसा का असली सवाल जस का तस बना हुआ है। जिस पर भारत ने नहीं बल्कि खुद बांग्लादेश की 'हिंदू, बौद्ध, क्रिश्चन यूनिटी काउंसिल' गंभीर सवाल उठाए हैं। जिसमें उसने कहा कि चुनावों से ठीक 14 दिन पहले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा का सिलसिला जारी है और अब तक कुल 42 मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें हत्या की 11 घटनाएं, बलात्कार की 1 घटना, मंदिरों और गिरजाघरों जैसे पवित्र धार्मिक स्थलों पर किए गए हमलों और लूट की 9 घटनाएं मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके अलावा अल्पसंख्यकों के लोगों के घरों और व्यापार करने की जगहों पर उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ तथा लूट की 21 घटनाएं सामने आई हैं।

## लेह में विमानन इंफ्रास्ट्रक्चर को मिली मजबूती



**लेह।** लेह के बेहद चुनौतीपूर्ण व ऊंचाई वाले क्षेत्र में रनवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना पूरी की गई है। इससे ग्राउंड पर विमानों की जमीनी आवाजाही को आसान व सुरक्षित बनाया जा सकेगा। वहीं, लेह से नागरिक उड़ानों का प्रस्थान भी तेज होगा। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी एयर मार्शल जेएस मान की उपस्थिति में इस परियोजना का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यहां अपग्रेड किए गए रनवे और हवाई अड्डा सुविधाओं से नागरिक उड्डयन सुविधाओं में इजाफा होगा। इस परियोजना से विमानों की सुगम आवाजाही, नागरिक उड़ानों की त्वरित उड़ान और हवाई अड्डे की समग्र दक्षता में सुधार संभव हुआ है। उन्नत सुविधाएं क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाएंगी, पर्यटन के निरंतर विकास में सहयोग करेंगी और स्थानीय समुदायों के लिए पहुंच में सुधार करेंगी।

### ओबीसी को 27% आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण देने से जुड़े मामलों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को सरकारी पक्ष गैरमौजूद रहा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिकृत किए गए एक भी अधिवक्ता मौजूद नहीं थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर आचरण बताया और खेद प्रकट किया। ओबीसी वर्ग के अधिवक्ताओं के अनुरोध पर अब इन मामलों की अगली सुनवाई 4 फरवरी 2026 को होगी। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति नरसिंहा और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की खंडपीठ के समक्ष ओबीसी आरक्षण से जुड़े सभी प्रकरण गुरुवार को सीरियल नंबर 106 पर अंतिम बहस के लिए सूचीबद्ध थे।

### किर्गिस्तान ने भारत से पशु उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाया

**मॉस्को (भाषा)।** किर्गिस्तान ने निपाह वायरस के खतरे के मद्देनजर भारत से जानवरों और पशु उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक और दूसरे सबसे बड़े शहर ओश के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले यात्रियों की जांच भी कड़ी कर दी गई है। रूस की समाचार एजेंसी तास के अनुसार भारत में फैल रहे निपाह वायरस को देखते हुए बिश्केक और ओश आने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों के लिए सख्त संक्रमण नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं। किर्गिस्तान मंत्रालय की प्रेस सेवा ने कहा कि ये कदम भारत में निपाह वायरस के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए उठाए गए हैं।

भारत-रूस के संबंधों को मिली नई ऊंचाई

## एचएएल और यूएसी में करार, भारत में बनेंगे कमर्शियल सुपरजेट-100 विमान

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

भारत की दिग्गज एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में बड़ा समझौता किया है। दरअसल, एचएएल और यूएसी ने हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया' प्रदर्शनी के दौरान रूस के प्रसिद्ध सुपरजेट-100 (एसजे-100) विमान के भारत में उत्पादन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस ऐतिहासिक साझेदारी का मुख्य मकसद 'मेक इन इंडिया' अभियान को रफ्तार देना और नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में विदेशी विमानों पर भारत की निर्भरता को कम करना है। इस समझौते के तहत, एचएएल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से 'मेक इन इंडिया' पहल का समर्थन करते हुए, दो इंजन वाले नैरो-बॉडी जेट विमानों का लाइसेंस-आधारित उत्पादन करेगी।



सुपरजेट-100

### तीन साल में शुरू होगा उत्पादन

एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डीके सुनील ने बुधवार को इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अपनी सुविधाओं के भीतर एसजे-100 विमानों का उत्पादन शुरू करना है। भारत जैसे विशाल देश में इस श्रेणी के लगभग 200 से अधिक विमानों के लिए एक बड़ा और बेहतर बाजार मौजूद है। कंपनी का इरादा उत्पादन का लंबा इंतजार करने के बजाय जल्द से जल्द विमानों को सेवा में उतारना है। इसके लिए शुरुआती दौर में 10 से 20 विमान रूस से सीधे लीज पर लेने की योजना भी बनाई जा रही है ताकि कनेक्टिविटी तुरंत बढ़ाई जा सके।

भारत में हवाई यात्रा अब आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन रही

## 2047 तक होंगे 400 से ज्यादा एयरपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में हवाई यात्रा अब सिर्फ अमीरों तक सीमित नहीं रही। धीरे-धीरे फ्लाइट से सफर आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। इसी दिशा में एक बड़ा ऐलान करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2047 तक भारत में 400 से ज्यादा एयरपोर्ट होंगे। इससे देश के छोटे शहरों और दूर-दराज के इलाकों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। विंग्स इंडिया 2026 एविएशन समिट को वर्चुअली संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत तेजी से अपना एविएशन नेटवर्क बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि साल 2014 में देश में सिर्फ 70 एयरपोर्ट थे, जबकि आज यह संख्या 160 से ज्यादा हो चुकी है।



एयरपोर्ट पर खड़े कई विमान

### भारत में 100 से ज्यादा एयरोड्रम सक्रिय

सरकार ने अब तक 100 से अधिक एयरोड्रम को सक्रिय किया है। साथ ही, आम लोगों के लिए सस्ती हवाई यात्रा उपलब्ध कराने के लिए उड़ान योजना शुरू की गई। पीएम ने कहा कि सरकार अब उड़ान योजना के अगले चरण पर काम कर रही है। इसका मकसद टियर-2 और टियर-3 शहरों को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी देना है, ताकि हवा यात्रा हर नागरिक के लिए सुलभ हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत खुद को ग्लोबल साउथ और बाकी दुनिया के बीच एक बड़े विमानन हब के रूप में तैयार कर रहा है। साथ ही, भारत टिकाऊ विमानन ईंधन बनाने वाला अग्रणी देश बनने की दिशा में भी काम कर रहा है।

अमेरिकी मध्यस्थता के बीच रूस का मास्टरस्ट्रोक

## जेलेंस्की को मॉस्को बुलाया, युद्ध रुकने के संकेत

एजेंसी ⏭ मॉस्को

यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशों के बीच एक अहम कूटनीतिक संकेत सामने आया है। रूस ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को शांति वार्ता के लिए मॉस्को आमंत्रित किया है। यह बुलावा ऐसे में आया है जब अमेरिका की मध्यस्थता से दोनों देशों के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि मॉस्को ने जेलेंस्की को आमंत्रण भेज दिया है, लेकिन अब तक कीव की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। गौरतलब है कि पिछले साल जेलेंस्की ने इसी तरह का एक निमंत्रण ठुकरा दिया था। उस समय उन्होंने कहा था कि वह उस देश की राजधानी नहीं जा सकते, जो रोज उनके देश पर मिसाइल हमले कर रहा हो। इसके बजाय उन्होंने सुझाव दिया था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कीव आएं।



### ट्रंप का दावा: एक हफ्ते तक हमले रोकने पर सहमति

इस बीच ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कीव और अन्य यूक्रेनी शहरों पर एक सप्ताह तक हमले न करने पर सहमत हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि कड़ाके की ठंड के कारण कई इलाकों में इमारतें बिना हीटिंग के रह गई थीं। कैबिनेट बैठक में ट्रंप ने क्षेत्र में 'असाधारण ठंड' का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पुतिन से आग्रह किया था कि वे एक हफ्ते तक कीव और आसपास के शहरों पर हमले न करें, जिस पर पुतिन सहमत हो गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28